mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-325 | पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
26 नवंबर 2024 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



यशस्वी जायसवाल... @ पेज 7

## केंद्रीय कैबिनेट की QR कोड वाले PAN कार्ड को मंजूर



**नई दिल्ली.** मोदी कैबिनेट की बैठक में सोमवार को PAN 2.0 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विवी वैष्णव ने बताया कि इसके लिए सरकार 1435 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मौजूदा पैन के नंबर को बदले बिना कार्ड एडवांस किए जाएंगे।

वैष्णव ने कहा- नए पैन कार्ड त्तक्रकोड वाले होंगे। इसके लिए पेपरलेन यानी ऑनलाइन प्रोसेस अपनाई जाएगी। लोगों को त्तक्रकोड वाले पैन के लिए अलग से खर्च करने की जरूरत नहीं होगी। नए पैन में डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

किसी भी शिकायत के सॉल्यूशन के लिए ग्रेविएंस रेफरल सिस्टम तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि पैन कार्ड को कॉमन बिजनेस आइडेंटिफायर बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन नए रेलवे प्रोजेक्ट, किसानों के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन, युवाओं-छात्रों के लिए %वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन% और अटल इनोवेशन मिशन 2.0 को मंजूरी को भी मंजूरी दी गई है।

- **स्टूडेंट्स को वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन की सुविधा; राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन को मंजूरी**

6 नवंबर की बैठक में हायर एजुकेशन लोन पर 75त्न क्रेडिट को मंजूरी दी थी मोदी कैबिनेट की 6 नवंबर की बैठक में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी गई थी। इसमें हायर एजुकेशन के लिए 7.5 लाख रुपए तक के लोन पर भारत सरकार 75त्न क्रेडिट गारंटी देगी।

8 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के बच्चों को 10 लाख रुपए तक के लोन पर 3त्न ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा। 4.5 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले छात्रों को पहले से पूर्ण ब्याज अनुदान मिल रहा है।

इस योजना के दायरे में देश के प्रमुख 860 हायर एजुकेशन सेंटर्स के 22 लाख से अधिक छात्र आएंगे। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कहा गया था कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी छात्रों को सहायता प्रदान करना है, ताकि उनकी पढ़ाई में पैसा बाधा न बने। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का ही विस्तार है।

### संक्षिप्त समाचार

## रूस ने यूक्रेन के कब्जे से छुड़ाई अपनी 40 फीसदी जमीन

- **कुर्स्क की 1376 स्क्वेयर किमी जमीन यूक्रेन ने कब्जाई थी**

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन ने अगस्त में रूस के



कुर्स्क इलाके में अचानक हमले किए थे। इस दौरान यूक्रेन ने कुर्स्क के एक बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया था। हालांकि अब रूस ने यूक्रेन के कब्जे में से 40 फीसदी जमीन को वापस छीन लिया है। इसकी जानकारी यूक्रेन के जनरल स्टाफ के एक अधिकारी ने दी। अधिकारी के मुताबिक यूक्रेन ने कुर्स्क प्रांत में 1376 स्क्वेयर किमी जमीन कब्जा कर लिया था।

## बिहार विधानसभा में बीजेपी की और बढ़ी ताकत

- **80 विधायकों के साथ बिहार विधानसभा में बन गई सबसे बड़ी पार्टी**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में हुए विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को बड़ी जीत मिली है। चारों सीटें जीतकर एनडीए ने अपनी ताकत बढ़ा ली है। इस जीत से जदयू, बीजेपी और हम के




विधायकों की संख्या में इजाफा हुआ है, जबकि राजद और कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा है। रामगढ़ और तारारी सीटों पर जीत के साथ ही बीजेपी अब 80 विधायकों के साथ सदन में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। वहीं, बेलागंज सीट जीतकर जदयू के विधायकों की संख्या 45 हो गई है।

## राज्यसभा में धनखड़-खड़गे के बीच बहस

### सभापति ने कहा- आप अनुभवी, सदन की मर्यादा रखें; खड़गे बोले- मुझे मत सिखाइए





**नई दिल्ली.** संसद के शीतकालीन सत्र का सोमवार को पहला दिन था। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और लीडर ऑफ अपोजिशन (रुश्क्क) मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच बहस हुई। दरअसल धनखड़ ने खड़गे से कहा कि हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। उम्मीद है आप इसकी मर्यादा रखेंगे।

इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। इस पर धनखड़ ने कहा- मैं आपको इतना सम्मान देता हूं और आप ऐसा बोल रहे हैं। मुझे दुख पहुंचा है। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

उधर लोकसभा की कार्यवाही भी पूरी नहीं हो सकी। विपक्ष के नेता अडाणी मुद्दे पर हंगामा करते रहे। सदन को 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

इस बार सत्र में अडाणी, मणिपुर हिंसा और ट्रेन दुर्घटनाओं पर हंगामे के आसार हैं। अमेरिका की न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने गौतम अडाणी पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 2,200 करोड़ रुपए की रिश्वत देने की पेशकश का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने इस मामले पर छ्वक्कष्ट की मांग रखी है।

राज्यसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद जैसे ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बोलना बंद किया तो विपक्ष के नेता चिल्लाने लगे कि, रुश्क्कको बोलने दीजिए। इस पर धनखड़ ने कहा कि मुझे बोले हुए अभी एक सेंकेंड भी नहीं हुआ और आप लोग चिल्लाने लगे। इससे विपक्ष नेता की गरिमा को नुकसान पहुंचता है। हमारे संविधान को इस साल 75 साल पूरे हो रहे हैं। आपको कुछ तो मर्यादा रखनी चाहिए।

इस पर खड़गे खड़े होकर बोले कि उन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। इस पर धनखड़ ने कहा कि, मैं आपको इतना सम्मान देता हूं और आप ऐसा बोल रहे हैं। मुझे दुख पहुंचा है।

## कोलकाता में 5 साल की बच्ची का रेप-मर्डर



**मुंबई (एजेंसी)।** कोलकाता के हुगली में 5 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या की गई। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात की है। आरोपी पीड़ित परिवार का पड़ोसी है। उसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम को बच्ची लापता हो गई थी। पड़ोसी के घर में तलाशी के दौरान बच्ची की लाश मिली। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले में आगे की

## अगहन माह में महाकाल की अंतिम राजसी सवारी



**उज्जैन.** अगहन माह (मार्गशीष) में निकाली जानी वाली महाकाल की सवारी के क्रम में? सोमवार को राजसी सवारी निकाली गई। शाम 4 बजे महाकालेश्वर ?ज्योतिर्लिंग के सभामंडप में महाकालेश्वर के चंद्रमौलेश्वर स्वरूप का ?पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद भगवान चंद्रमौलेश्वर को रजत पालकी में ?विराजमान करवाया गया। सवारी में आगे तोपची, कडाबीन, पुलिस?बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान चले।पालकी के मुख्य?द्वार पर पहुंचने पर सशस्त्र पुलिस बल के जवान ने भगवान को सलामी दी। ?सवारी श्री महाकालेश्वर मंदिर से महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी?बाजार, कहारवाड़ी होते हुए शिप्रा तट पहुंची। यहां पर शिप्रा के जल से? चंद्रमौलेश्वर का अभिषेक पूजन किया गया। इसके बाद सवारी वापस मंदिर लौटी।

सवारी के नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की।

## वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ हिंसक

### पत्थरबाजी हुई; दुकानदार और पालकीवाले बोले- प्रोजेक्ट से रोजी रोटी छिन जाएगी

**जम्मू-कश्मीर .** जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ खच्चर और पालकीवालों ने विरोध शुरू कर दिया है। पुलिस ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो भीड़ ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। हिंसक प्रदर्शन में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है।

वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड कटरा में ताराकोट मार्ग और सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से रोपवे प्रोजेक्ट का निर्माण करवा रहा है। वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को खच्चर और पालकीवाले मंदिर दर्शन कराने ले जाते हैं। ये उनके कमाई का जरिया है। इसलिए वे इसका विरोध कर रहे हैं।

रियासी के स्स्क्क परमवीर सिंह ने बताया, %लोग



पिछले तीन दिनों से यहां विरोध कर रहे हैं और हम स्थिति को संभाल रहे हैं। आज उनमें से कुछ ने पुलिस टीम पर पथराव किया। हम स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद है कि जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।% जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (स्त्र) मनोज सिन्हा ने निर्माणाधीन जम्मू तवी रिवरफ्रंट परियोजना के स्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा- 90त्न काम पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि यह जनवरी तक पूरा हो जाएगा। कटरा में चल रहे विरोध प्रदर्शन पर उन्होंने कहा कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा घोषित रोपवे परियोजना का उद्देश्य तीर्थयात्रियों के लिए तेज और सुरक्षित यात्रा प्रदान करना है।

## बुरे फंसे नेतन्याहू, भविष्य पर खड़े हुए सवाल

- **विदेश में गिरफ्तारी वारंट, इजरायल में चल रहा भ्रष्टाचार का मुकदमा**

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलहाल एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। उन पर घरेलू और



अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर कानूनी मामले चल रहे हैं। एक तरफ अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने गुरुवार को नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर नेतन्याहू को इजरायल में भी भ्रष्टाचार के एक मुकदमे में गवाही देनी है। दोनों ही मामले उनके लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। रिपोर्ट के

### ओरछा धाम में समाप्त होगी पदयात्रा

## धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा में बोले संजय दत्त- गुरु कहें तो उनके साथ ऊपर भी चला जाऊं

**छतरपुर.** पंडित धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में सोमवार को खली और खलनायक दोनों शामिल हुए। यात्रा 5वें दिन उत्तरप्रदेश पहुंची। यहां द ग्रेट खली ने यात्रा में शामिल साधु को चोटी पकड़कर एक हाथ से उठा लिया। उन्होंने कहा- पहले सनातन, फिर जात-पात।

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताया। उन्होंने कहा कि ये मुझे कह दें कि संजू बाबा मेरे साथ ऊपर चले चलो तो मैं चला जाऊंगा। मैं हमेशा गुरुजी के साथ हूं।

वहीं, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- जब मैं खुद को असुरक्षित महसूस करता हूं तो संजू बाबा को याद कर लेता हूं और सुरक्षित हो जाता हूं। संजय



दत्त यात्रा में धीरेंद्र शास्त्री के साथ ध्वज पकड़कर 2 किलोमीटर चले।

सनातन हिंदू पदयात्रा देवरी रेस्ट हाउस से सुबह 10 बजे शुरू हुई। यात्रा 22 किमी का सफर तय कर रात में उत्तर प्रदेश के ग्रामोदय मऊरानीपुर पहुंचेंगी। यहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। यह यात्रा 21 नवंबर को बागेश्वर धाम से शुरू हुई थी।9 दिन की यात्रा के बाद 29 तारीख को ओरछा धाम में समाप्त होगी। यात्रा में महाराज के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु चल रहे हैं।

## अब देश में कोई उपचुनाव नहीं लड़ेगी बीएसपी

- **खराब नतीजे के बाद मायावती का बड़ा ऐलान, ईवीएम पर फोड़ा ठीकरा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने उपचुनाव के नतीजों के बाद बड़ा फैसला किया है। उन्होंने देश में कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि बैलट से धांधली तो होती ही थी अब ईवीएम से भी धांधली होने लगी। इसलिये बसपा ने यह निर्णय किया है कि वह देश के किसी भी राज्य में अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी।



यूपी की पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, यूपी में 9 सीटों पर हुए चुनाव और फिर उसके नतीजे के बाद लोगों में ईवीएम को लेकर आम चर्चा है। पहले देश में बैलेट पेपर के जरिए चुनाव जीतने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करके फर्जी वोट डाले जाते थे। अब तो ईवीएम के जरिए भी ये कार्य किया जा रहा है।

## तीन राज्यों में बर्फबारी 9 में छाया घना कोहरा

- **एमपी-राजस्थान और छत्तीसगढ़ के 15 शहरों में तापमान लगातार दूसरे दिन 10 डिग्री से नीचे**

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अब हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के कुल्लू जिले के रोहतांग पास और अटल टनल के पास रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, गुलमर्ग, बांदीपोरा और लद्दाख के लेह में भी रविवार को बर्फबारी हुई। तीनों राज्यों में सोमवार को भी बर्फ गिरने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने देश के 8 राज्यों में घना कोहरा छाने का भी अनुमान जताया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल



प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल है। उत्तरी राज्यों के साथ-साथ अब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी ठंड लगातार बढ़ रही है। एमपी और राजस्थान 7-7 स्थानों और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में तापमान लगातार दूसरे दिन 10 डिग्री से नीचे रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि पहाड़ों पर बर्फ पिघलने के बाद वहां से आई बर्फीली हवा के कारण मध्य प्रदेश और राजस्थान में ठंड पड़ रही है।

## राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने दिए निर्देश



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने आईबीडी कॉलोनी की सड़क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क को चौड़ा भी किया जाएगा। कॉलोनी के रहवासियों ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर को रायसेन रोड पटेलनगर से आईबीडी कॉलोनी को जोड़ने वाले रोड पर ओरिएंटल कॉलेज, एनआरआई कॉलेज के अतिक्रमण से कॉलोनी की ढाई हजार से अधिक आबादी को आवागमन में हो रही समस्या के समाधान का ज्ञापन दिया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने एसडीएम श्री एल.के. खरे को सड़क का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी पक्षों और अधिकारियों के साथ मीटिंग में चर्चा कर रहवासियों की समस्या का समाधान करेंगी। उन्होंने कहा कि ओरिएंटल कॉलेज के द्वारा अपनी बसों को सड़क पर पार्क करने से आवागमन बाधित करना गंभीर बात है। ओरिएंटल कॉलेज प्रबंधन सड़क किनारे बसों की पार्किंग करना तुरंत बंद करे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि रायसेन रोड से प्रारंभ होकर आईबीडी कॉलोनी होते हुए खजूरी कलां को जोड़ने वाले रोड की चौड़ाई 18 मीटर है। यह सड़क मास्टर प्लान में शामिल है। सड़क पर किसी को भी अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

## स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के संबंध में आदेश जारी

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन-सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा समस्त जिला चिकित्सालयों को आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश अनुसार अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिये होगी, जिसे प्रदर्शन और पारस्परिक सहमति के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकेगा। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा शल्य चिकित्सा आदि प्रभावित होने के दृष्टिगत प्रदेश के शासकीय चिकित्सालयों में जहाँ पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर रिक्त हैं तथा उक्तानुसार चिकित्सीय सेवा प्रदायगी के लिये समुचित संसाधन उपलब्ध हैं, वहाँ रोगी कल्याण समिति के माध्यम से (बिना आउटसोर्स एजेंसी) प्रति केस के मान से भुगतान (मासिक आधार पर) प्रावधानित कर अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये कहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये भारतीय चिकित्सा परिषद या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री और विशेषज्ञता योग्यता होनी चाहिये।

## विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग थीम पर होंगी प्रतियोगिता

भोपाल प्रतिनिधि। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, जो बेहद खास और अलग होगा। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग की थीम पर केन्द्रित चार स्टेज में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें युवाओं द्वारा मायभारत पोर्टल पर 25 नवंबर से 5 दिसंबर 2024 तक सहभागिता की जा सकेगी। इसमें 15 से 29 वर्ष के युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले चरण में विकसित भारत की थीम पर ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मायभारत पोर्टल पर होगा। इसमें से चुने गए प्रतिभागी दूसरे चरण में ऑनलाइन निबंध लेखन में भाग लेंगे। तीसरे लेवल पर स्टेट चैंपियनशिप भोपाल में और चौथी और आखिरी चरण में नेशनल चैंपियनशिप नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की जायेगी। नेहरू युवा केन्द्र भोपाल की अधिकारी सुश्री मोनिका चौधरी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा यंग माइंड को अपने देश की संस्कृति, इतिहास और सभ्यता से जोड़ना होगा और साथ ही युवाओं से संवाद कर उनके विचार को प्रमुखता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर साझा करना होगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान 11 और 12 जनवरी 2025 को आयोजित होगा।

# छात्राओं ने हेरिटेज वॉक कर ऐतिहासिक धरोहरों को जाना

**सिरोंज** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राव जी की हवेली में सोमवार को हेरिटेज वॉक का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान छात्राओं के बीच पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने ऐतिहासिक रावजी की हवेली एवं शाहजहां के जमाने का कोर्ट गेट,हजार वर्ष प्राचीन श्री गिरधारी जी का मंदिर का भ्रमण कराया तथा ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

शासकीय उत्कृष्ट कन्या विद्यालय के प्रबंधन द्वारा स्कूल में किए गए व्यापक परिवर्तन से प्रभावित होकर पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा ने मौजूद छात्राओं बातचीत करते हुए सवाल जबाव भी किए जिनका जवाब छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ दिया। विधायक द्वारा पूछे गए सवालों का सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरुस्कृत भी किया एवं सेवा कार्य में रहने वाली रानी अहिल्याबाई स्काउट एवं हीराबेन रेडक्रॉस की छात्राओं का केसरिया पटका उड़ाकर अभिनंदन भी किया । इस दौरान उन्होंने छात्राओं को पर्यावरण के महत्व से अवगत कराते हुए वृक्षों के महत्व से भी रुबरू कराया और संबंधित प्रश्न भी पूछे।



रावजी की हवेली जिसमें वर्तमान में शासकीय कन्या शाला उत्तर माध्यमिक विद्यालय लगाया जाता है उसके इतिहास के बारे मे बताते हुए विधायक ने कन्याओं को शिक्षा से जुड़ी जानकारी भी प्रदान करते हुए कहा कि स्कूल हमारा शिक्षा का मंदिर है मंदिर को स्वच्छ रखना एवं गुरुजनों से श्रेष्ठ शिक्षा लेकर ही जीवन का निर्माण होता है।श्री कृष्ण,अश्वत्थामा,कर्ण,आदि अनेक इनके श्रेष्ठ उदाहरण हैं । रावजी की हवेली में स्कूल की स्थापना लगभग सन 1962 में हुई। जब हम यहां पढ़ते हैं उसे रावजी की हवेली के नाम से जाना जाता है और इसका निर्माण लगभग 1656 के आसपास हुआ।

विद्यालय में शिक्षा स्तर स्वच्छता स्तर और शिक्षक शिक्षकों ने छात्राओं को अच्छे संस्कार व्यवहार व्यायाम सहित अन्य गतिविधि कन्या शाला में संचालित करने के लिए सभी का धन्यवाद दिया 7 देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मोहन यादव के नेतृत्व में नारी शक्ति हेतु सशक्त नारियों के सम्मान में अत्याचार नहीं सहेंगे और नारी सम्मान हेतु कई कदम उठा रही है 7 शिक्षा के साथ हम सबको सुखी रहना चाहिए और सबको खुशी देखना चाहिए 7विद्यालय में नवाचार और स्वच्छता देखकर बहुत प्रसन्नित हुए विश्व धरोहर दिवस के रूप में हेरिटेज वॉक मैं राव जी की हवेली जिसका इतिहास असारे मालवा में दिखाई देता है रावजी की हवेली में चारबाग ,घी के कुंड, हथिया द्वारा , शेरशाह सूरी भी रावजी की हवेली में ठहरे थे7 जब रावजी की हवेली मुगलों के कब्जे में थी मुगलों से महाराजा छत्रसाल ने विजय प्राप्त कर अपने अधिग्रहण की और सिरोंज को होलकर को दे दिया। सन 1857 की क्रांति के बाद तात्या टोपे नवाब की सेना को हराकर चार तोप भी लेकर रवाना हुए थे ऐसे कई ऐतिहासिक किस्तों से सिरोंज रचा हुआ है हेरिटेज वॉक के दौरान शासकीय कन्या शाला से विधायक और छात्राएं कोर्ट गेट पहुंची यहां पर फारसी शब्दों में शिलान्यास भी मुख्य द्वार पर है और शाहजहां के जमाने में बिल्डिंग को बनाया यहां पर तहसीलदार एसडीम बैठा करते थे।

## अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मंडलोई ने इंदौर में की बिजली कंपनी के कार्यों की समीक्षा

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने रविवार को पोलोग्राउंड इंदौर में पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नए कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए। श्री मंडलोई ने आरडीएसएस पूर्ण हो चुके, वर्तमान में हो रहे एवं अगले चरण में होने वाले कार्यों की जानकारी ली।

उन्होंने सभी कार्यों को समय पर कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजनों को उसका लाभ मिले। श्री मंडलोई ने कहा कि शासकीय एवं निजी बिजली उपभोक्ताओं से राजस्व संग्रहण समय पर किया जाए। इस कार्य में कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आरडीएसएस के कार्यों की प्रगति एवं जारी वित्तीय वर्ष में सात माह में राजस्व संग्रहण पर संतोष जताया। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने अपर मुख्य सचिव को स्मार्ट मीटर परियोजना में आठ लाख से ज्यादा मीटर स्थापित होने, रबी सीजन में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, दैनिक विद्युत आपूर्ति, शासकीय विभागों से बकाया वसूली के लिए किए जा रहे प्रयास, नई भर्ती प्रक्रिया, आरडीएसएस के 46 ग्रिड पूर्ण तैयार होने समेत अन्य विषयों की जानकारी प्रस्तुत की। सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी शाखा द्वारा बिलिंग से सबंद्ध ऑटोमेशन कार्य किया जा रहा हैं। इसके होने पर नई सुविधा प्रारंभ हो जाएगी। यदि स्मार्ट मीटर से संबंद्ध उपभोक्ता की राशि जमा नहीं करने पर बिजली ऑटोमेटिक कटती है, तो वह जैसे ही बिजली बिल जमा करेगा, वैसे ही ऑटोमेटिक उसकी बिजली अगले ही मिनिट स्वत: चालू हो जाएगी, उसे जोन- वितरण केंद्र नहीं जाना होगा। श्री मंडलोई ने पश्चिम क्षेत्र कंपनी के सुधारवादी और उपभोक्ता सेवा संबंधी प्रयासों की सराहना भी की।

## न्यू टिंबर मॉर्केट नई दिल्ली उच्चतम गुणवत्ता वाली सागौन का करेगा विक्रय


**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा नई दिल्ली में काष्ठ विक्रय डिपो न्यू टिंबर मॉर्केट कीर्ति नगर में स्थापित किया गया है। डिपो की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य दिल्ली एवं दिल्ली से लगे हुए राज्य हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में एम.पी. टीक उच्च गुणवत्ता वाली सागौन काष्ठ का लाभप्रद बाजार उपलब्ध कराना है।

मध्यप्रदेश काष्ठागार नई दिल्ली में वन विभाग के विभिन्न डिपो से प्राप्त उच्चतम गुणवत्ता वाली सागौन काष्ठ सी.पी. टीक के गोल लट्ठे (लाग्स) का चयन कर दिल्ली डिपो परिवहन किये जाते हैं। काष्ठ का विक्रय केवल नीलामी के माध्यम से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को किया जाता है। इसमें क्रेता द्वारा भौतिक रूप से भी कार्यालयीन समय में काष्ठ का अवलोकन किया जा सकता है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये कार्यालयीन दूरभाष क्रमांक-011-25939685 एवं डिपो अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9111118382 पर सम्पर्क किया जा सकता है। सी.पी. टीक सागौन कई विशेषताओं के लिये जानी जाती है और यह अत्यधिक मूल्यवान होती है। सागौन में टिकाऊपन, क्षय, सड़न और कीट-क्षति के प्रति अत्यंत प्रतिरोधी है, जिससे यह घर के अंदर और बाहर, दोनों जगह उपयोग के लिये उपयुक्त है। सी.पी. टीक सागौन की लकड़ी मजबूत और भारी वजन सहन कर सकती है। यही कारण है कि इसका उपयोग अक्सर निर्माण और उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर बनाने के लिये किया जाता है।

सी.पी. टीक सागौन में एक सुंदर पैटर्न और समृद्ध सुनहरा भूरा रंग होता है, जो समय के साथ और अधिक स्पष्ट हो जाता है। इसे सजावटी वस्तुओं और बढ़िया फर्नीचर के लिये एक लोकप्रिय विकल्प के रूप में जाना जाता है। कार्य-क्षमता में सी.पी. टीक सागौन का फर्नीचर बनाना आसान होता है, जिससे सटीक कटौती और विस्तृत शिल्प कौशल आसानी से किया जा सकता है।

## 43वें आईआईटीएफ का मध्यप्रदेश मंडप बना प्रदेश के उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और शिल्पकारों का मंच

**भोपाल।** नई दिल्ली में 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के मध्यप्रदेश मंडप में प्रदेश के विशिष्ट उत्पादों और कला का विक्रय प्रदर्शन किया जा रहा है, जो प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और शिल्पकला का प्रतिनिधित्व कर रहा है। मंडप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एमएसएमई उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और शिल्पकारों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद, एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) और जीआई उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिए स्टाल लगाए गए हैं। मध्यप्रदेश के मंडप में 25 से अधिक



एमएसएमई उद्यमी, स्व-सहायता समूह और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। मंडप में प्रदेश के विख्यात हैंडलूम और हस्तकला के विभिन्न स्टाल लगाए गए हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित धार जिले के बाघ प्रिंट्स के शिल्पगुरु श्री मोहम्मद यूसुफ खत्री का स्टाल सर्वाधिक लोकप्रिय हो रहा है। धार के रेवा स्व-सहायता समूह बाघ प्रिंट्स, उज्जैन के मुस्कान स्व-सहायता समूह बटिक प्रिंट्स, अशोकनगर के पाकीजा बुनकर अजरख प्रिंट्स के उत्पाद और सुरभि हैंडलूम चंदेरी साड़ी और सूट लेकर आए हैं। भारतीय बुनकर सहकारी समिति ने सीधी की प्रसिद्ध दरी, रग्स और रनर्स का स्टाल लगाया है। इन दरियों की विशेषता बताई जा रही है कि वे 20 साल या अधिक तक चलेंगी।

राजगढ़ की सनशाइन बुनकर सहकारी समिति बेडशीट, बेडकवर, सोफा कवर और पर्दों का विक्रय कर रही है। शिवपुरी के जैकेट्स, देवास के लैदर बैग्स, ग्वालियर के रेडीमेड वस्त्र और रीवा के एलोवेरा जैल भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। मंडप में राजगढ़ के अनन्या स्व-सहायता समूह और कटनी के ओमशांति स्व-सहायता समूह ने भी अपने स्टाल लगाए हैं।

## सीहोर जिले के चकल्दी में तीन आरोपियों के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर वृत्त के अंतर्गत रेहटी वितरण केन्द्र के चकल्दी मुख्यालय में शासकीय कार्य के दौरान बिजली कंपनी के कर्मचारी से अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के आरोप में तीन आरोपियों पर एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि राजकुमार जगेत कंपनी के सीहोर वृत्त के अंतर्गत रेहटी वितरण केन्द्र के चकल्दी मुख्यालय में लाइन हेल्पर आउटसोर्स के पद पर पदस्थ हैं। यहां पर बिजलेंस की टीम द्वारा बिजली चेकिंग का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान 66 हजार 982 रुपये बकाया राशि जमा नहीं करने के चलते छोटेलाल साहू के घर की लाइन काटी गई। इसके बाद छोटे लाल की दुकान की लाइन काटने गए थे। इस दौरान छोटे लाल, शुभम तथा रमेश साहू ने लाठी तथा डंडों से लाइन हेल्पर आउटसोर्स राजकुमार जगेत पर हमला किया तथा गंदी गंदी गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों के साथ झूमाझटकी करने लगे। इस घटना की जानकारी जब बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई तो उन्होंने घटना की एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। फलस्वरूप थाना रेहटी जिला सीहोर में तीनों आरोपियों क्रमश- शुभम साहू, छोटेलाल तथा रमेश साहू के खिलाफ धारा 132, 121(1), 296, 351 (3), 3(5), बीएनएस 3(1), (द), 3(1)(ध), 3(2), 3(वीए) एससीएसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। बिजली कंपनी के मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट/दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरन्त एफ.आई. आर. कराने के निर्देश दिए हैं।

# पंडित दीनदयाल की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से देश की जड़ें मजबूत हो रही हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने देश की तरक्की के लिए जो पौधारोपा था आज वह वट वृक्ष बन गया है। उनकी विचारधारा देश को सुनहरे भविष्य की ओर ले जा रही है। देश आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब भारत आर्थिक महाशक्ति बनकर खड़ा होगा और दुनिया का नेतृत्व करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सेमरिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जीवन में अनेकों कठिनाईयों



का सामना करना पड़ा। उन्होंने विरोधी ताकतों को अपनी विचारधारा का लोहा मनवाया। उनकी विचारधारा पर ही चलकर सरकार समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल ने जो सपना देखा था उन्हें आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान योजना लागू की।

इससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी अच्छे से अच्छे अस्पतालों में पाँच लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार कराने में सक्षम हो गया है। इस योजना का और विस्तार किया गया है जिसमें अब 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के नागरिकों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ो लोगों अपना पक्का मकान मिला है।

जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर को नल से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार ने भी लाड़ली बहना योजना लागू कर महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान की है। हर तरफ पंडित दीनदयाल जी की विचारधारा को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ग्राम बहुरीबांध में स्थित जागृति इंटरनेशनल हायर सेकण्डरी स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जागृति इंटरनेशनल स्कूल के संचालन का यह पाँचवा वर्ष है। यह स्कूल इस क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा की कमी को पूरा कर रहा है।

# युवा कार्यकर्ता से अध्यक्षता कराते हुए विधायक ने किया नगर मंडल की बूथ समितियों का सम्मान

**सिरोंज ।** प्रत्येक मतदान केंद्र की समिति भारतीय जनता पार्टी संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई होती है। बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र को सार्थक करते हुए हमारी यही बूथ समितियों के कार्यकर्ता अथक मेहनत करके चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री का वरण कराते हैं। भारतीय जनता पार्टी संगठन के बड़े से बड़े नेता भी किसी न किसी बूथ पर एक कार्यकर्ता के नाते योगदान देते हैं। संगठन की महासदस्यता अभियान के उपरांत बूथ की नवीन समितियों का गठन किया जा चुका है जिनका आज प्रदेश संगठन के आव्हान पर हम सम्मान कर बधाई स्वरूप मंगल कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

भाजपा के स्थानीय



विधायक उमाकांत शर्मा ने यह बात शनिवार देर रात श्याम वाटिका परिसर में नवनियुक् बूथ समिति के अध्यक्ष, महामंत्री व बीएलओ 2 के सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही।

इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त सभी पदाधिकारी जिन्हें नए दायित्व मिला है वह संगठन की मजबूती के लिए काम करें तथा भाजपा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएँ।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अध्यक्षता सबसे युवा बूथ महामंत्री मोनू सेन से कराते हुए हाल ही में नियुक्त हुए बूथ स्तर के अध्यक्ष, महामंत्री एवं बीएलओ 2 का जोरदार आतिशबाजी चलवाकर, ढोल ढमाकों के साथ पुष्पाहार व पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि संगठन के नगर सिरोंज मंडल के 43 बूथ पर 12 सदस्य समिति बनाई गई है जिसमें 516 बूथ समिति कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता हरीबाबू भार्गव,बनवारी लाल साहू, मंडल अध्यक्ष पारस तरण, महामंत्री सुमंत मित्तल,हरिचरण अहिरवार, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,मोनू सेन,भूपेश शर्मा, ज्योति द, भास्कर, सुनील रजक,बलजीत यादव सहित बूथ समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। हैं,

# संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें- कलेक्टर



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभाग प्रमुखों की परफॉर्मेंस डी ग्रेड में है विभाग प्रमुख शिकायतों को स्वयं विशेष रूप से देखकर समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज कराए। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। उन्होंने कहा कि जो विभाग सी एवं डी ग्रेड में है वह अगले हफ्ते तक बी में आने का प्रयास करें। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने हितग्राहियों के हितलाभ वितरण तथा भुगतान संबंधी शिकायतों के निराकरण को गंभीरता से दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बटवारा, सीमांकन, नामांतरण, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शा सुधार, आधार खसरा लिंकेज, अभिलेख दुरुस्तगी के प्रकरणों का निराकरण अपेक्षा अनुरूप कम है इसे विशेष प्रयास करके प्राथमिकता से निराकरण करें।कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि दिये गये निर्देशानुसार कार्य पूर्ण कराते हुए प्रतिदिन की प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस.पी. मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की तकनीकी समूह की हुई बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने निर्देशित किया कि बैंक से सम्बद्ध जिला सीधी व सिंगरौली के किसानों को उगाई जाने वाली फसलों यथा खरीफ रबी फसल, फल उत्पादन, सब्जी उत्पादन, औषधी उत्पादन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन आदि इकाईयों में पर्याप्त मात्रा में ऋण सुलभ हो यह सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि फसलों के गत निर्धारित ऋणमान, सम्बंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई फसल लागत, ऋण अदायगी क्षमता का आंकलन करते हुए फसल उत्पादन हेतु ऋण देने के प्रावधान हैं, तदानुसार किसानों को विभिन्न फसल के उत्पादन हेतु किसान ₹ डिट कार्ड ऋण, सावधि ऋण दिये जाते है। जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक में निर्णय लिया गया कि गत वर्ष के



ऋणमान से 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाए।

बैठक में उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, कृषि वैज्ञानिक, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक मत्स्य उद्योग, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी, जिला सीधी एवं सिंगरौली के पांच प्रगतिशील किसान इन्द्रभान साहू, मनीष कुमार तिवारी, भैयालाल सिंह, संजय अग्निहोत्री, रामकुशल कुशवाहा उपस्थित रहे।

# सिंगरौली में पिकनिक के दौरान हादसा,18 घंटे बाद मिला बच्ची का शव, एक दिन पहले पिता की मौत

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली जिले के लंघाडोल थाना अंतर्गत आने वाले पिकनिक स्पॉट पर एक 13 साल की बच्ची समेत नेहरू अस्पताल में पदस्थ दंत चिकित्सक की नदी में डूबने से मौत हो गई। दंत चिकित्सक हरीश का शव एक दिन पहले रविवार को ही बाहर निकाल लिया गया था। जबकि 13 साल की बालिका प्रेरणा मुंडा लापता थी। जिसका शव सोमवार सुबह सर्च ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला है और शव के अंतिम परीक्षण के लिए सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।लंघाडोल थाना प्रभारी पुष्पेंद्र धुर्वे ने बताया, लापता बच्ची की तलाश में रविवार दोपहर 2 बजे से ही सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी। जिसने शाम से ही सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

सोमवार सुबह 7 बजे सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ और तकरीबन 8 बजे लापता बच्ची का शव मंदिर के पास ही तकरीबन 20 फीट गहरे पानी से बरामद कर लिया गया है और अंतिम परीक्षण के लिए सरई के उप स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

**एक दिन पहले डूबी थी बच्ची:** थाना प्रभारी के मुताबिक, सभी लोग पिकनिक मनाने के लिए यहां आए थे। जिनमें तीन डॉक्टर और दो हृष्टरुके विजिलेंस विभाग के अधिकारी थे। यह सभी लोग गोपद नदी के किनारे मछली फ्राई करके खा रहे थे और दो बच्चियां रबर ट्यूब के सहारे नदी में नहा रही थी।



तभी अचानक प्रेरणा मुंडा डूबने लगी तो साथ नहा रही दूसरी बालिका ने परिवार वालों को आवाज दी तो तीनों डॉक्टर हरीश, डॉक्टर डीजे बोरा और सीसीएल के ही रिटायर डॉक्टर प्रवीण मुंडा जी प्रेरणा के पिता हैं वो नदी में कूद गए और एक-एक करके सभी डूबने लगे।

तभी पास ही मंदिर में काम कर रहे लोगों को चीख पुकार सुनाई दी तो उन लोगों ने नदी में कूद कर डॉक्टर प्रवीण मुंडा, डॉक्टर डीजे बोरा, डॉ. हरिस सिंह और एक बच्ची को बाहर निकाल लिया।

इस दौरान डॉक्टर हरीश की मौत हो चुकी थी। जबकि 13 साल की प्रेरणा मुंडा गायब थी। जिसकी तलाश करके आज उसका शव बाहर निकल गया है। देर रात कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला और एडिशनल एसपी एस के वर्मा मौके पर पहुंचे थे।



# 'खेलो एम.पी. यूथ गेम्स-2024' खेल प्रतियोगिता का आयोजन, ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा 05 से 08 दिसंबर तक

### खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेलो इण्डिया यूथ गेम्स की तर्ज पर ''खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024'' के आयोजन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीधी में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी श्री अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि ''खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024'' का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। उक्त आयोजन में 19 वर्ष से कम आयु (31 दिसंबर 2024 की स्थिति में) के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकेंगे। एक खिलाड़ी एक ही खेल में प्रतिभागिता कर सकेगा। ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा, जिला एवं संभाग स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 19 खेलों- एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, ₹ केट, फुटबाल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबिल-टेनिस, योगासन, व्हालीवाल टेनिस एवं शतरंज में किया जावेगा तथा 06 खेल- ताईक्वाण्डो, फैंसिंग, रोईंग क्याकिंग-कैनोईंग, शूटिंग एवं आर्चरी का आयोजन सीधे राज्य स्तर पर किया जावेगा। कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, खेल संघ एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के समन्वय से ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन कर अधिक से अधिक खिलाड़ियों को सम्मिलित कराते हुये उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करने के निर्देश दिये गये है।

ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य है, प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों के आफलाईन आवेदन भरकर समस्त प्रमाणपत्रों सहित एवं आनलाईन पंजीयन कर सूची सहित जानकारी संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य एवं ₹ ीड़ा प्रभारी ब्लाक समन्वयक को उपलब्ध करायेंगे। खिलाड़ियों को आयु प्रमाणपत्र हेतु ग्राम पंचायतध्नगरपालिकाध्नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र अथवा मूल अंकसूची एवं मूल निवासी प्रमाण-पत्र एवं वर्तमान का फोटोग्राफसाथ में लाना अनिवार्य है।

''खेलो एम.पी. यूथ गेम्स 2024'' के अंतर्गत खिलाड़ियों का आनलाईन पंजीयन लिंक पर किया जा सकता है। ल ा ॅ क स्तरीय चयन स्पर्धा का आयोजन जिले के समस्त ब्लाक में दिनांक 05 दिसम्बर से 08 दिसम्बर 2024 तक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 दिसम्बर से 15 दिसम्बर 2024 तक किया जावेगा। ब्लाक स्तरीय चयन स्पर्धा में सम्मिलित होने हेतु ब्लॉक सम्न्वयक सीधी से जयबीर सिहं -9165887178, ब्लॉक सिहावल से अमित कुमार द्विवेदी -8305629309, ब्लॉक मझौली से सरोज पटेल - 9993272893, ब्लॉक रामपुर नैकिन से ललिता साकेत - 6266826269, ब्लॉक कुसमी से कृष्णानन्द मिश्रा -9425424495 से सम्पर्क कर सकते है।

ब्लॉक सीधी में चयन स्पर्धा - शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 में 05 से 07.12.2024 तक, शा.उ.मा.वि. क्रमांक-02 में 05.12.2024 को, सामुदायिक भवन पुलिस लाईन सीधी में 06.12.2024 को, ब्लॉक कुसमी में -शा.उ.मा.वि. पोण्डी में 05.12.2024 को, शा.उ.मा.वि. बालक भुईमाड़ में 06.12.2024 को, एकलव्य आवासीय विद्यालय टमसार में 07 एवं 08 दिसंबर 2024 को, ब्लॉक सिहावल में -शा.उ.मा.वि.(बालक) हिनौती में 05, 06 एवं 07 दिसंबर 2024 को, ब्लोंक मझौली में -पीएम श्री शा.उ.मा.वि. टिकरी में 05.12.2024 को, सीएम राईज विद्यालय पथरौला मे 07.12.2024, शा. कन्या उ.मा.वि. मझौली में 08.12.2024 को, ब्लॉक रामपुर नैकिन में जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में 05.12.2024 को, मोहिनीदेवी स्टेडियम चुरहट में 06.12.2024 को, शा.उ.मा.वि. हनुमानगढ़ में 07.12.2024 को विद्यालयों के खेल मैदानों में आयोजन किया जावेगा।

राज्य स्तर पर दलीय एवं व्यक्तिगत खेल के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को पृथक-पृथक प्रथम पुरूस्कार 31 हजार रूपये, द्वितीय पुरूस्कार 21 हजार रूपये, तृतीय पुरूस्कार 11 हजार रूपये, चतुर्थ पुरूस्कार 11 हजार रूपये से पुरूस्कृत किया जावेगा। उक्त बैठक में अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, एवं अन्य विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीधी द्वारा समस्त विभाग प्रमुख द्वारा उक्त प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

# हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान में संबंधित विभाग के समन्वय के साथ गतिविधियां आयोजित की जानी है। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान के आयोजन की तैयारियों संबंधी समन्वय बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सोमवंशी ने निर्देशित किया है कि हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान के 16 दिवसों में जिला विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाये। अभियान के दौरान जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर आधारित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिये समुदाय, विशेषकर पुरूषों, युवाओं के साथ ही किशोरों, बच्चों के पालकों को जोड़ा जाय। अभियान का सभी प्रचार माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जायेगा। विशेषकर सोशल मीडिया के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाईन नम्बर 171, 1098, ईआरएस 112 और शी-बाक्स पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हैश टैग और सूचनात्मक सामग्री का उपयोग करके राज्य स्तर से एक प्रभावी सोशल मीडिया अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त शासकीय विभागों/कार्यालयों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम अंतर्गत आंतरिक परिवाद समिति का गठन तथा समिति सदस्यों की जानकारी का प्रदर्शन करने के लिए विभाग प्रमुखों का निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सीधी को निर्देशित किया गया कि स्कूला/छात्रावासों के बच्चों को विशेषज्ञ के द्वारा गुडटच एवं बैड टच के बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस.पी. मिश्रा, चुरहट शैलेश द्विवेदी, मझौली आर.पी. त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, प्रिया पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य खण्डस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# आज से विद्यालयों में आयोजित होगा गीता महोत्सव कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के स्कूली छात्रों को एक शानदार मौका मिलने वाला है। स्कूल शिक्षा विभाग अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्गत इंस्कॉन मंदिर उज्जैन के समन्वय से गीता और श्री कृष्ण से सम्बंधित प्रतियोगिता का आनलाईन क्विज के रूप में आयोजन किया जा रहा है। क्विज में भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े सवाल पूछे जायेगे। इस प्रतियोगिता का नाम वैल्यू एजुकेशन कान्टेस्ट रखा गया है। प्रतियोगिता का उद्देष्य छात्रों में स्थाई नैतिक मूल्यों का संचार करना चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**मंगलवार को कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों की होगी परीक्षा:** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूलों को परीक्षा की लिंक प्राचार्यों को भेजी जा चुकी है। जिला स्तर पर आनलाईन प्रतियोगिता 26 नवम्बर को कक्षा नवी, 27 नवम्बर को कक्षा 10वीं, 28 नवम्बर को कक्षा 11वीं, एवं 29 नवम्बर को कक्षा 12वीं की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। सभी प्रतियोगिताये दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक केवल स्कूल में आयोजित होगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 दिसम्बर को आयोजित की जायेगी।

जिला स्तर पर भी विद्यार्थियों को पुरुस्कार दिए जाएंगे। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को एक लाख रूपये, द्वितीय स्थान प्राप्त को इक्यावन हजार रूपये और तृतीय स्थान वाले को 21 हजार रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किये जायेंगे।

# एएनएम की सीधी भर्ती दस्तावेज परीक्षण 25 से 29 नवंबर तक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी ने जानकारी देकर बताया है कि संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. का पत्र दिनांक 24.11.2024 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका क्रमांक 5747/2023 तबस्सुम कुरेशी व अन्य विरूद्ध म.प्र. शासन व अन्य तथा संबंधित अन्य याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 05.11.2024 एवं 21.11.2024 के परिपालन में समस्त अभ्यर्थी जिन्होंने कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अन्तर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) की सीधी भर्ती के लिए आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं उनका नाम मेरिट में है, की नियमानुसार नियुक्ति संबंधी निर्णय लिये जाने के लिए उन्हें सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेजों के परीक्षण के संबंध में दिनांक 25.11.2024 से 29.11.2024 के बीच कार्यालयीन समय में संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष समस्त यथोचित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# ऑटो चालको ने नपा को घेरा, आवागमन वाधित कर दी गिरफ्तारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।**सोमवार की दोपहर करीब दो बजे नगर पालिका परिषद सीधी में दर्जनो ऑटो चालको के द्वारा शिवसेना के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर कोतवाली पुलिस को अपनी गिरफ्तारी दी। बताया गया कि शहर में क्षमता से ज्यादा ऑटो होने के चलते उन्हे पार्किंग स्थल के साथ ही अन्य कई असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए पूर्व में दिए गये आवेदन के बाद धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। नगर निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि सीएमओ नपा की लिखित शिकायत थी कि अनाधिकृत रूप से बिना पूर्व अनुमति या सूचना के ऑटो चालको व शिवसैनिकों के द्वारा नपा का घेराव किया गया। ऐसे में आरोपियों के विरूद्ध शांति भंग करने के आरोप में धारा 151 के तहत कार्रवाई की गयी है।

शिवसैनिक विवेक पाण्डेय ने धरना प्रदर्शन के दौरान बताया कि जिले में ऑटो चालको के मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इनको मिलने वाले अधिकारो को अनदेखा किया जाता है। नगर के ऑटो चालको को पार्किंग स्थल की दरकार है। अगर ये खाली जगह पर भी ऑटो रिक्सा को खड़ा करते हैं तो भी इनका पॉच हजार रूपए का जुर्माना किया जाता है, ऐसे में इसका सीधा असर इनके परिवार के भरण पोषण पर पड़ रहा है।

## विचार

# ‘तीसरे विश्व युद्ध का मंडरा रहा खतरा’ ‘दूसरे विश्व युद्ध की कुछ आ रही यादें’

*आज के हालात को देखते हुए ऐसा लगता है कि हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक 2 विश्व युद्ध हो चुके हैं। पहला विश्व युद्ध 28 जुलाई, 1914 से 11 नवम्बर, 1918 तक चला और इसमें लगभग 9 करोड़ सैनिकों तथा 1.3 करोड़ नागरिकों की मृत्यु हुई थी। दूसरा विश्व युद्ध 1939 से 1945 के बीच हुआ। मानव इतिहास के इस सबसे भयानक युद्ध में 70 देशों की जल, थल तथा वायु सेनाएं शामिल थीं। जिसमें मित्र देश ब्रिटेन, अमरीका, सोवियत संघ एवं फ्रांस आदि एक ओर तथा जर्मनी, इटली और जापान आदि देश दूसरी ओर थे। इस युद्ध में भी पहले विश्व युद्ध की भांति ही जान-माल की भारी तबाही हुई और दोनों पक्षों के लगभग 7 से साढ़े 8 करोड़ सैनिकों तथा आम नागरिकों की मौत हुई थी और इस युद्ध में मित्र देशों की विजय हुई थी। तब मेरी आयु 7 वर्ष थी और उन दिनों हम लाहौर में मोहन लाल रोड पर रहते थे। एक दिन मैं अपने घर के बाहर खड़ा था कि तभी एक हॉकर उर्दू दैनिक मिलाप का ‘जमीमा’ (एक पेज) हाथों में लहराते हुए और यह कहता हुआ वहां से गुजरा कि दूसरी भीषण जंग शुरू। उन दिनों सब अखबार उर्दू में छपा करते थे और मुझे उर्दू नहीं आती थी लेकिन मैंने एक पैसा देकर वह जमीमा खरीदा और लाकर पिता लाला जगत नारायण जी को दे दिया जो उस समय दफ्तर में ही बैठे थे। उन दिनों टी.वी. नहीं था परंतु रेडियो का प्रचलन शुरू हो चुका था और रेडियो पर ही सब लोग गीत और खबरें सुना करते थे। रात को 9 बजे ‘इट इज लंदन कॉलिंग’ आवाज के साथ युद्ध संबंधी तथा अन्य खबरें शुरू हो जातीं जिसे परिवार के सब लोग सुनते थे। उस समय पिता जी लाहौर कांग्रेस के प्रधान थे और हमारे घर के पिछवाड़े में स्थित ‘लाहौरी गेट’ मैदान में कांग्रेस द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभाएं हुआ करती थीं, जहां हम (मैं तथा बड़े भाई स्व. रमेश चंद्र जी) तथा कुछ वर्कर लोगों के बैठने के लिए दरियां बिछाने में मदद करते थे। उन बैठकों में एक प्रसिद्ध शायर ‘उस्ताद दामन’ को भी बुलाया जाता था जो 10 रुपए लेकर उनमें आते और अपना कलाम पढ़ा करते थे। चूंकि उन दिनों भारत पर अंग्रेजों का शासन था इसलिए दूसरे विश्व युद्ध के दिनों में कांग्रेस की बैठकों में पढ़ा जाने वाला उनका यह शे’र बड़ा मशहूर हुआ था कि ‘कदम जर्मन का बढ़ता है, फतह इंगलिश की होती है।’ अब द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के 79 वर्ष बाद तीसरा विश्व युद्ध होने की आशंका बढ़ गई है क्योंकि रूस ने परमाणु युद्ध में इस्तेमाल की जाने वाली अत्यंत घातक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आई.सी.बी.एम.) भी 21 नवम्बर को यूक्रेन पर दाग दी है। इसी तरह के खतरे को भांपते हुए ही 18 नवम्बर, 2024 को रियो-डी-जिनेरियो में विश्व के 20 प्रमुख देशों के नेताओं ने युद्ध ग्रस्त गाजा के लिए अधिक सहायता और पश्चिम एशिया तथा यूक्रेन में शत्रुता एवं युद्ध समाप्त करने का आह्वान किया है। रूस के घनिष्ठ मित्र चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने भी यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए आवाज उठाने की अपील की है। 21 नवम्बर को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी कहा है, “ऐसा लगता है कि हम (तीसरे) विश्व युद्ध के करीब हैं, अतः भगवान गौतम बुद्ध का दिखाया शांति का मार्ग ही स्थिरता का एकमात्र साधन है।*

# जन स्वास्थ्य पर सुपरबग का घातक संकट

> *“यह चुनौती पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही है। वैश्विक स्तर पर एएमआर के निहितार्थ बहुत बड़े हैं, जो मानव विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। एएमआर पर बरती निष्क्रियता के चलते अनुमान है कि यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 2050 तक लगभग 1 करोड़ लोग हर साल एंटीबायोटिक्स के विरुद्ध पनपे प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली बीमारियों से मर जाएंगे। यह संख्या सड़क दुर्घटनाओं और कैंसर से मरने वालों की कुल संख्या से भी अधिक होगी। इस कालखंड में, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इससे 100 ट्रिलियन डॉलर का सकल वित्तीय नुकसान होने का अनुमान है। पशुधन उत्पादन में 7.5 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्रभावित होगी।”*

सौ साल से भी कम समय पहले, एंटीबायोटिक्स की खोज ने एक ऐसे युग की शुरुआत की जिसने चिकित्सा की दुनिया को बदल दिया। इसने लाखों लोगों की जान बचाई, जटिल सर्जरी के विकास और उपयोग में तेज़ी लाई और कैंसर जैसी बीमारियों के बेहतर प्रबंधन में मदद की। सर्वव्यापी जीवाणुओं को नष्ट करने की एंटीबायोटिक्स की क्षमता ने उन्हें ‘जादुई गोलियों’ की उपाधि दी। दुर्भाग्य से, यह उत्साह लंबे समय तक नहीं टिका। मनुष्यों ने रोगाणुओं की जीवटता और जीवित रहने की चतुराई को कम करके आंका क्योंकि उन्होंने एंटीबायोटिक्स के प्रभाव को बेअसर करने के लिए अपनी खुद की प्रतिरोधकता विकसित कर ली। इसके बूते रोगाणु एंटीबायोटिक्स के असर से बच निकलने के काबिल बन गए, जिसे तकनीकी रूप से एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेंस (एएमआर) कहा जाता है। दरअसल, मानव स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा सेवाओं और कृषि में एंटीबायोटिक्स के अंधाधुंध उपयोग ने कुछ रोगाणुओं की ऐसी जमात बना दी जिस पर एक या कई एंटीबायोटिक्स का कोई असर नहीं हो पा रहा। कुछेक ने तो लगभग सभी किफायती एंटीबायोटिक्स के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लिया है। इन्हें ‘सुपरबग्स’ के नाम से जाना जाता है। प्रतिरोध विकसित कर चुके रोगाणुओं से होने वाले संक्रमण का इलाज करना मुश्किल होता है, इससे अस्पताल में लंबे समय तक रहना पड़ता है, मृत्यु दर और रुग्णता बढ़ती है। आर्थिक नुकसान भी होता है। यह चुनौती पूरी दुनिया को प्रभावित कर रही है। वैश्विक स्तर पर एएमआर के निहितार्थ बहुत बड़े हैं, जो मानव विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। एएमआर पर बरती निष्क्रियता के चलते अनुमान है कि यदि कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो 2050 तक लगभग 1 करोड़ लोग हर साल एंटीबायोटिक्स के विरुद्ध पनपे प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली बीमारियों से मर जाएंगे। यह संख्या सड़क दुर्घटनाओं और कैंसर से मरने वालों की कुल संख्या से भी अधिक होगी। इस कालखंड में, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.5 प्रतिशत की कमी आएगी। इससे 100 ट्रिलियन डॉलर का सकल वित्तीय नुकसान



होने का अनुमान है। पशुधन उत्पादन में 7.5 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे वैश्विक खाद्य सुरक्षा प्रभावित होगी। अतिरिक्त 2.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाएंगे और 2050 तक वैश्विक निर्यात में 3.8 प्रतिशत की कमी आएगी। एएमआर का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है और विकासशील देशों में यह कहीं अधिक है। वर्ष 2019 में ही प्रतिरोधी रोगाणुओं की वजह से हुई बीमारियों के कारण 12 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। अनुमान है कि वर्ष 2019 में केवल भारत में ही एएमआर के कारण 2,97,000 मौतें हुईं वहीं इससे संबंधित जटिलताओं के चलते 10,42,500 मौतें हुईं। भारत में एएमआर से होने वाली मौतों की संख्या कैंसर, श्वसन-संक्रमण एवं तपेदिक, आंतों के संक्रमण, मधुमेह और गुर्दे की बीमारियों और मातृ एवं नवजात विकारों से होने वाली मौतों से अधिक है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने माना कि सतत? विकास लक्ष्यों की प्राप्ति पर इस स्थिति का प्रभाव पड़ेगा। 2016 और 2024 में अपनी उच्च स्तरीय बैठकों के माध्यम से, यूएनजीए ने 2019 को आधार वर्ष मानकर 2030 तक प्रतिरोधी रोगाणुओं के कारण होने वाली मृत्यु दर को 10 प्रतिशत तक कम करने के लिए तत्काल, वैश्विक रूप से समन्वित राष्ट्रीय कार्रवाई का आह्वान किया है। आर्थिक सहयोग के लिए अंतर-सरकारी मंचों की हाल की बैठकों, अर्थात? जी-20 (भारत, 2023) और जी-7 (इटली, 2024) बैठकों में एएमआर से निपटने के महत्व को दृढ़ता से व्यक्त किया गया है। पशु चिकित्सा क्षेत्र में भी संक्रमण का उपचार अथवा इसकी रोकथाम के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है। कई बार इनका इस्तेमाल इस लक्ष्य के साथ किया जाता है कि इनके उपयोग से पशु के शरीर का आकार (मांस) बढ़ेगा, जिससे कि ज्यादा आर्थिक लाभ मिलेगा। अनेक देशों में रोक के बावजूद जागरूकता की कमी और गरीबी के कारण यह भारत में जारी है। पशुओं में एंटीबायोटिक्स का ऐसा अंधाधुंध उपयोग उनके अंदर प्रतिरोधी जीवाणुओं व रोगाणुओं के फैलाव को बढ़ावा देता है। चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर द्वारा हाल ही में चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड से आए दस्त के मरीजों के अध्ययन से पता चला है कि रोग की वजह ऐसे रोगाणु हैं जिन्होंने कई एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ एएमआर विकसित कर ली। भारत में मांसाहार की लगातार बढ़ती मांग के साथ पशुधन स्वास्थ्य क्षेत्र में एंटीबायोटिक का उपयोग और अधिक होता गया, लिहाजा खाद्य-श्रृंखला के जरिए उनमें बना एएमआर मनुष्यों में स्थानांतरित होता गया। जिससे कि उनके अंदर भी सिप्रोफ्लोसिन, एम्पीसिलीन, टेट्रासाइक्लिन और तीसरी पीढ़ी के सेफ्लोस्पोरिन के खिलाफ उन रोगाणुओं के विरुद्ध उच्च एएमआर बनता देखा जा रहा है। फलतः इलाज मुश्किल हो जाता है। हालांकि, एएमआर की समस्या राजनीतिक, वित्तीय, कार्यक्रम संबंधी, तकनीकी, विनियामक और बहु-क्षेत्रीय रूप से ध्यान खींच रही है, लेकिन इसे रोकने के वैश्विक प्रयासों में जनता की भूमिका भी एक प्रमुख हितधारक के रूप में है। सभी क्षेत्रों के एंटीबायोटिक्स लिखकर देने वाले डॉक्टर और उपयोगकर्ताओं को एएमआर के छिपे खतरे को समझना चाहिए। किफायती एंटीबायोटिक दवाओं के अभाव में, एक छोटी-सी चोट भी घातक हो सकती है। बीमारियां जैसे कि टाइफाइड बुखार, हैजा, निमोनिया, मेनिन्जाइटिस आदि ठीक होना मुश्किल होता जाएगा। सर्जरी विफल होने का बहुत खतरा होगा। जीवन बचाने के नवीन चिकित्सा ढंग निष्फल हो सकते हैं। एंटीबायोटिक उपयोगकर्ता को शिक्षित किया जाए कि प्रतिरोधी रोगाणु बनने पर वे कैसी मुसीबत ला सकते हैं। इस वैश्विक तबाही को कम करने में वे स्वयं कैसी भूमिका निभा सकते हैं।

बिना डॉक्टर की लिखी पर्ची के एंटीबायोटिक्स खरीदना, तयशुदा खुराक और बताई अवधि तक एंटीबायोटिक्स न लेना, स्व-चिकित्सा करना, किसी भी बुखार के लिए बची हुई एंटीबायोटिक्स का उपयोग करना व्यक्ति के अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य हेतु भी हानिकारक है। इसके लिए नियामक प्राधिकरणों द्वारा सतत् एवं साक्ष्य-आधारित प्रयास और केंद्रीय एवं राज्यों के स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों द्वारा व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु व्यापक प्रयास जरूरी हैं। विश्वविद्यालय, नागरिक समाज और गैर सरकारी संगठन इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। हमें एक राष्ट्रीय व्यापक जोखिम विस्तार एवं सामुदायिक सहभागिता रणनीति की आवश्यकता है, जो हमारी विविधता भरी आबादी के लिए व्यवहार्य हो, सामाजिक मिथकों को तोड़ने वाली और अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से कार्यान्वित की जाए। केंद्र व राज्य सरकारों, को इस प्रयास में उचित निवेश करना चाहिए। लोगों की सक्रिय भागीदारी के बिना कोई भी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कभी सफल नहीं हुआ है। यह एएमआर नियंत्रण और दुनिया को एंटीबायोटिक असफल होने के बाद वाले भयानक युग से बचाएगी।

## आज का राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि दसवी, सोमवासरे, रात्रि1.31, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रे रात्रि 2.58, वणिक करणे 14.55, कन्या की चंद्रमा, भद्रा 14.55, 46.14 उग्रकर्म मुर्हूत तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, उत्तम व्यापारी, किराना मर्चेन्ट, कपड़े का कुशल व्यापारी, धनी होगा।

**मेष राशि** - व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि, शुभ समाचार मिलने का योग, समय का ध्यान रखें।

**वृष राशि** - आकस्मिक बेचैनी, स्वाभाव में खिन्नता, थकावट, असमंजस की स्थिति बनेगी।

**मिथुन राशि** - बेचैनी से स्वभाव में खिन्नता, मन भ्रमित होगा, मान-प्रतिष्ठा में कमी, सावधान रहें।

**कर्क राशि** - दैनिक कार्य वृद्धि में सुधार एवं योजनायें फलीभूत होंगी, कार्य बनेगा ध्यान दें।

**सिंह राशि** - विसंगति से हानि, आशानुकूल सफलता से हर्ष, बिगड़े कार्य बन ही जायेंगे।

**कन्या राशि** - स्त्री-वर्ग से हर्ष-उल्लास, सामाजिक कार्यों में मान-प्रतिष्ठा, नवीन कार्य होंगे।

**तुला राशि** - मान-प्रतिष्ठा पर आंच आने का डर, विवाद-ग्रस्त होने से बचें, धैर्य रखें।

**वृश्चिक राशि** - सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि, संवृद्धि, संवर्धन के योग बनेंगे।

**धनु राशि** - शुभ समाचार से संतोष, दैनिक कार्यगति अनुकूल, मनोकामना पूर्ण होगी, ध्यान दें।

**मकर राशि** - विघटनकारी तत्व परेशान करें, अचानक यात्रा के प्रसंग अवश्य ही बनेंगे।

**कुंभ राशि** - स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी, परिश्रम से व्यवस्था अवश्य बनेगी।

**मीन राशि** - समृद्धि के साधन जुटायें, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद होगा, कार्य बनेंगे।

# 20 प्रतिशत अमरीकी सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों से समाचार प्राप्त करते हैं

प्यू रिसर्च सैंटर द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 20 प्रतिशत अमरीकी और रिपब्लिकन और डैमोक्रेट नियमित रूप से डिजिटल प्रभावशाली लोगों से समाचार प्राप्त करते हैं, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पाए जाने की अधिक संभावना है। 10,000 से अधिक अमरीकी वयस्कों के सर्वेक्षण और इस गर्मी में प्रभावशाली लोगों द्वारा पोस्ट किए गए सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण से निकाले गए निष्कर्ष इस बात का संकेत देते हैं कि अमरीकी राष्ट्रपति अभियान के चरम पर अमरीकियों ने किस तरह से समाचारों का उपभोग किया, जिसमें राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प ने अंततः जीत हासिल की। अध्ययन में ऐसे लोगों द्वारा चलाए जा रहे खातों की जांच की गई जो नियमित रूप से वर्तमान घटनाओं के बारे में पोस्ट करते हैं और बात करते हैं जिसमें पॉडकास्ट और न्यूजलैटर्स के माध्यम भी शामिल हैं और जिनके फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, एक्स या टिकटॉक पर 100,000 से अधिक फॉलोअर हैं। उनमें राजनीतिक स्पैक्ट्रम के लोग शामिल हैं, जैसे कि प्रगतिशील पॉडकास्ट होस्ट ब्रायन टायलर कोहेन और रूढ़िवादी पॉडकास्टर बेन शापिरो। साथ ही क्रिस सिलिजा जैसे गैर-पक्षपाती व्यक्तित्व भी शामिल हैं, जो एक पूर्व सी.एन.एन. विश्लेषक हैं और अब अपना स्वयं का न्यूजलैटर चलाते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि प्रभावशाली लोगों ने ज्यादातर राजनीति और चुनाव के बारे में समाचार पोस्ट किया, उसके बाद जाति और गर्भपात जैसे सामाजिक



मुद्दे और अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, जैसे कि इसराईल-हमास युद्ध पर पोस्ट किया। उनमें से ज्यादातर 63 प्रतिशत पुरुष हैं और 77 प्रतिशत बहुसंख्यक का किसी मीडिया संगठन से कोई जुड़ाव या पृष्ठभूमि नहीं है। प्यू ने कहा कि जिन प्रभावशाली लोगों का उसने नमूना लिया, उनमें से लगभग आधे ने स्पष्ट राजनीतिक रुझान नहीं दिखाया। जिन लोगों ने दिखाया, उनमें से थोड़े ज्यादा ने खुद को उदारवादी की तुलना में रूढ़िवादी बताया। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान, दोनों पार्टियों ने ऐसे प्रभावशाली लोगों को आकर्षित किया, जिनमें ऐसे निर्माता भी शामिल थे जो बहुत राजनीतिक नहीं थे। ऐसा इसलिए किया ताकि उन मतदाताओं के लिए प्रतिस्पर्धा की जा सके जो अपनी अधिकांश खबरें गैर-पारंपरिक स्रोतों से प्राप्त कर रहे हैं। रिपब्लिकन और डैमोक्रेटिक राष्ट्रीय सम्मेलनों ने पिछली गर्मियों में अपने कार्यक्रमों को कवर करने के लिए प्रभावशाली लोगों को मान्यता दी थी। उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने एलैक्स कूपर के साथ बैठकर ‘कॉल हर डैडी’ पॉडकास्ट पर चर्चा की और ‘ऑल द स्मॉक’ पर साथियों के साथ बे एरिया बास्केटबॉल पर थोड़ी चर्चा की। इस बीच ट्रम्प ने युवा पुरुष मतदाताओं को लक्षित करने वाली प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला के हिस्से के रूप में ‘बुसिन विद द ब्वॉयज’, ‘फ्लैग्रेंट’ और लोकप्रिय पॉडकास्टर जो रोगन पर अपने साथियों के साथ समय बिताया। प्यू रिसर्च सैंटर के वरिष्ठ कम्प्यूटेशनल सोशल साइंटिस्ट गैलेन स्टॉकिंग ने एक बयान में कहा, “इस साल राष्ट्रपति चुनाव के दौरान इन प्रभावशाली लोगों ने वास्तव में ध्यान और प्रमुखता के नए स्तर को छुआ है। हमें लगा कि यह देखना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि कुछ सबसे लोकप्रिय खातों के पीछे कौन हैं, वे जो समाचार संगठन नहीं हैं, बल्कि वास्तविक लोग हैं।” भले ही 85 प्रतिशत समाचार प्रभावशाली लोगों की ‘एक्स’ पर उपस्थिति है, उनमें से कई के पास फेसबुक, इंस्टाग्राम,यू-ट्यूब और टिकटॉक जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नस्लीय अल्पसंख्यक, युवा वयस्क और कम आय वाले वयस्कों को प्रभावशाली लोगों से समाचार प्राप्त करने की अधिक संभावना थी।

प्यू द्वारा सर्वेक्षण किए गए अधिकांश लोगों ने कहा कि प्रभावशाली लोगों ने उन्हें वर्तमान घटनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद की है, जबकि लगभग एक चौथाई लोगों का कहना है कि उन्होंने जो सुना है उससे बहुत फर्क नहीं पड़ा है। 9 प्रतिशत का कहना है कि प्रभावशाली लोगों ने उन्हें और अधिक भ्रमित किया है। मीडिया विश्लेषक लंबे समय से इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कैसे प्रभावशाली लोग जिनमें से अधिकांश को संपादकीय मानकों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है, गलत सूचना को बढ़ावा दे सकते हैं, या यहां तक कि अमरीका के विरोधियों द्वारा उनके हितों के अनुकूल सामग्री तैयार करने के लिए उनका उपयोग किया जा सकता है।

## चिंतन-मनन

### ईश्वर का स्वरूप क्या है?

**पहले अपने स्वरूप को जानों**
**एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है? महात्मा ने उसी से पूछ दिया- तुम अपना स्वरूप जानते हो? वह बोला- नहीं जानता।**

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?

अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है।

# युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति और उसका हल

आधुनिक समाज के लिए आत्महत्या एक बड़ा ज्वलंतकारी मुद्दा बना हुआ है। खासतौर पर तब जबकि दो से चार दशकों से पहले की अपेक्षा आज के समाज में ऐशा-ओ-आराम के साधनों की कोई कमी नहीं है। रोजगार के अवसर भी मनचाहे हैं, बावजूद इसके देश में आत्महत्या के आंकड़े डरावने नजर आते हैं। वैसे तो प्रत्येक व्यक्ति में आत्महत्या करने का अपना एक अलग कारण होता है। कुछ डिप्रेशन और तनाव की वजह से आत्महत्या करने को मजबूर होते हैं तो कुछ के पास मेडिकल कारण भी होता है। इसके अतिरिक्त जब इंसान अपनी परेशानियों से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं पाता, तब वह आत्महत्या की ओर अग्रसर होता है। संयुक्त परिवार में इस तरह की धारणा कम पाई जाती थी, लेकिन एकल परिवार के चलन ने इसमें बढ़ोत्तरी कर दी है। यही कारण है कि जब एनसीआरबी ने अपनी रिपोर्ट पेश की तो उसमें आत्महत्या करने के कारणों के बारे में बताते हुए कहा कि फैमिली प्रॉब्लम और एड्स व कैंसर जैसी घातक बीमारियों से तंग आकर लोग सबसे ज्यादा आत्महत्या करते हैं। विगत वर्ष ही 32फीसदी आत्महत्याएं फैमिली प्रॉब्लम के कारण हुईं, जबकि 19 फीसदी बीमारी की वजह से हुईं। कुल मिलाकर बढ़ते सोसाइड केस आधुनिक समाज में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर बढ़ते संकट की गंभीरता को ही उजागर करता है। आर्थिक और तकनीकी प्रगति ने जहां एक ओर रोजगार और जीवन की संभावनाओं को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर, सामाजिक दबाव, अत्याधिक अपेक्षाएं और प्रतिस्पर्धा ने मानसिक तनाव और अस्थिरता को भी जन्म दे दिया है। यूनिसेफ की रिपोर्ट की बात करें तो इसमें बताया गया कि भारत में 15 से 24 साल का हर 7 में से 1 व्यक्ति खराब मेंटल हेल्थ से जूझ रहा है। इसमें डिप्रेशन के लक्षण को भी शामिल किया गया है। हैरानी की बात यह है कि सर्वे में शामिल सिर्फ 41फीसदी लोग ही मेंटल हेल्थ की चुनौतियों से निपटने के लिए काउंसलर के पास जाना उचित समझते हैं। ऐसे में आत्महत्या प्रवृत्ति को रोकना वाकई एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि चिकित्सक के पास गए बिना बीमारी का इलाज कैसे संभव होगा। इसका समय रहते हल भी निकालना होगा, क्योंकि आगे आने वाला समय और भी ज्यादा विस्फोटक हो सकता है, जबकि एआई का दखल हर क्षेत्र में होने जा रहा है। इसलिए युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने की भी महति आवश्यकता है। यहां मानसिक स्वास्थ्य से तात्पर्य व्यक्ति की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक



स्थिरता से है। यह उसे जीवन की चुनौतियों का सामना करने, सही निर्णय लेने और समाज में योगदान देने में सक्षम बनाता है। महानगरीय चकाचौंध और भौतिकतावाद ने जीवन को अधिक प्रतिस्पर्धी और तनावपूर्ण बना दिया है। कई नई बीमारियां, जो पहले केवल वृद्धावस्था में होती थीं, अब युवाओं और किशोरों में भी देखने का मिल रही हैं। उच्च वेतन और बेहतर करियर के बावजूद युवा अपने जीवन को समाप्त करने का कदम उठाते दिख रहे हैं। यह चिंतनीय बात है।

जब हम सोसाइड मामलों को इंटरनेट पर सर्च करते हैं तो छात्र-छात्राओं की आत्महत्या के ढेरों मामले सामने आ जाते हैं। छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या को लेकर हुए एक खुलासे के अनुसार भारत में आबादी इतनी तेजी से नहीं बढ़ रही, जितनी तेजी से छात्रों के सोसाइड का रेशो बढ़ रहा है। इसलिए देश में छात्रों में सुसाइडल टेंडेंसी का तेजी से बढ़ना वाकई चिंतनीय विषय है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में आत्महत्या के मामले हर साल 2 फीसदी की दर से बढ़ रहे हैं, जबकि छात्रों में आत्महत्या के मामलों की दर सालाना 4फीसदी तक बढ़ी है। इन आंकड़ों को सत-प्रतिशत सही नहीं माना जा सकता, क्योंकि छात्रों की सुसाइड के अनेक मामलों को तो दर्ज भी नहीं किया जाता। रिपोर्ट की मानें तो पिछले एक दशक में 24 साल तक के युवाओं की आबादी 58.2 करोड़ से घटकर 58.1 करोड़ हो गई, जबकि इसी दौरान छात्रों की सुसाइड के मामले 6,654 से बढ़कर 13,044 हो गए। इससे समझा जा सकता है कि यह समस्या कितनी गंभीर होती जा रही है। युवाओं द्वारा आत्महत्या करने के कारण तो लगभग सामने आ ही चुके हैं, जिनमें प्रमुख रुप से मानसिक दबाव, अत्याधिक अपेक्षाएं, और जीवन में अचानक आने वाली समस्याओं को संभालने में असमर्थता ज्यादा प्रभावी हैं। अब इनका हल खोजने की आवश्यकता है। इस दिशा में सबसे पहले आधुनिक समाज में व्यक्तिवाद ने पारिवारिक और सामाजिक जुड़ाव को जो कमजोर किया है, उसे दुरुस्त करने की महति आवश्यकता है। इसके बाद सामाजिक अलगाव और अकेलापन युवाओं को निराशा और तनाव का शिकार बनाता है, ऐसे में समाज में अलग-अलग समूह बनाकर लोगों के बीच में अच्छे व सकारात्मक विचारों के साथ जाने और मिलने-जुलने की आवश्यकता भी है। इसमें शक नहीं कि किशोर और युवा महत्त्वाकांक्षाओं और उपभोगवाद में इतने उलझ गए हैं कि वे जीवन के वास्तविक अर्थ और खुशी को नजरअंदाज कर रहे हैं। ऐसे में युवा माता-पिता की पारंपिरक शिक्षाओं और यथार्थ से सामना करने की नसीहतों को वे अनदेखा करते हैं, जिससे उन्हें गलत रास्ते में जाने से कोई रोक नहीं पाता है। ऐसे में परिवार से हटकर मोहल्ले व सोसायटी के जिम्मेदारों को चाहिए कि वे माता-पिता के फर्ज को निभाएं और युवाओं को जीवन की अनिश्चितताओं और संघर्षों के लिए मानसिक रूप से तैयार करें। इन कोशिशों से संभव है कि आत्महत्या जैसी विकराल हो चली समस्या का कुछ समाधान निकल सके। हर घटना और स्थिति को सकारात्मकता नजरिये से देखने और आगे बढ़ने की सोच को बनाने और उसके प्रचार-प्रसार की भी आवश्यकता है। युवाओं को समझाना होगा कि मोबाईल, लेपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग से बाहर निकलते हुए परिवार, मित्र और समाज से जुड़ाव रखना कितना जरुरी है। अंततः मानसिक स्वास्थ्य के लिए सामूहिकता और सहानुभूति अति आवश्यक चीज है। इसके लिए वर्क के साथ जीवन में संतुलन स्थापित करना और नियमित व्यायाम, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना मानसिक स्वास्थ को बेहतर बनाने में मदद करता है। ये तमाम उपाय ऐसे हैं जो वाकई आत्महत्या की प्रवृत्ति को कम कर सकते हैं, इसलिए समाज को आधुनिक बनाने के साथ युवाओं के बेहतर भविष्य की भी चिंता होनी ही चाहिए।

### दोस्त को वॉइस नोट भी भेजा

# ट्रेन के टॉयलेट में बॉयफ्रेंड ने लगाई फांसी, भिलाई के युवक पर प्रेमिका बना रही थी शादी का दबाव

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में एक युवक ने इंटरसिटी एक्सप्रेस के टॉयलेट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव गोंदिया रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया है। मृतक के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि युवक की प्रेमिका उस पर शादी का दबाव बना रही थी।

शादी नहीं करने पर युवक के खिलाफ झूठी परिवारद्वर कराने की धमकी भी दे रही थी। इससे परेशान होकर युवक ने आत्मघाती कदम उठाया। मरने से पहले युवक ने अपने एक दोस्त के मोबाइल नोट पर वाइस नोट भी भेजा है। इसमें उसने अपनी प्रेमिका और उसके तीन दोस्तों पर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

**प्रेमिका की शादी दूसरे जगह तय हो गई थी:** मामला भिलाई के आम्रपाली थाना इलाके का है। मृतक के मामा जगन्नाथ दलाई ने बताया कि उनका भांजा जगबंधू साहू उर्फ जग्गू (28 साल) एक लड़की से प्यार करता था। वो उसके साथ शादी करना चाहता था। दोनों चार साल से लिव इन में थे। इस दौरान लड़की के परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह फिक्स कर दी। इसके बाद लड़की जग्गू और अपने होने वाले पति दोनों से संपर्क में थी।

**जग्गू ने तोड़ा रिश्ता तो दी धमकी:** जब ये बात जग्गू को पता चली तो उसने लड़की से संबंध तोड़ दिया। इसके बाद लड़की उससे शादी करने की जिद में अड़ गई। लड़की जग्गू को ब्लैकमेल कर रही थी कि अगर उसने उससे शादी नहीं की तो वो उसकी जिंदगी खराब कर देगी। लड़की ने जग्गू के घर पर भी जाकर हंगामा किया था।

**पुलिस में भर्ती होना चाहता जग्गू:** जग्गू ने पुलिस भर्ती की फिजिकल परीक्षा पास कर ली थी, उसे रिटन एग्जाम में बैठना था। लड़की ने उसे धमकी दी थी कि अगर वो उससे शादी नहीं करेगा तो वो पुलिस में शिकायत करेगी, जिससे उसकी नौकरी कभी नहीं लग पाएगी।

**22 नवंबर से लापता था जग्गू:** धमकी मिलने के बाद जग्गू काफी दबाव में आ गया था। उसकी प्रेमिका अपनी चार दोस्तों के साथ 22 नवंबर को सेक्टर एक बारात में आई थी। वहां जग्गू को भी बुलाया गया। इस दौरान उनकी जग्गू से कुछ बात हुई। जग्गू ने अपने दोस्त को अपना मोबाइल दिया और बोला थोड़ी देर में आ रहा है। उसके बाद जग्गू नहीं लौटा।

जग्गू की मां हीरामणि साहू का कहना है कि उन लोगों ने जग्गू की गुमशुदगी की शिकायत भी भिलाई नगर थाने में दर्ज कराई। इसी दौरान 23 नवंबर को गोंदिया जीआरपी का फोन आया कि इंटरसिटी एक्सप्रेस के टायलेट में एक युवक की लाश मिली है। उसकी जेब में एक लड़की का नंबर मिला है। उसने बताया कि वो जग्गू की बॉडी है, जो भिलाई का रहने वाला है।

**मरने से पहले छोड़कर गया था वाइस मैसेज:** जग्गू की छोटी बहन ज्योति ने बताया कि जग्गू ने मरने से पहले एक वाइस मैसेज अपने दोस्त सन्नी के नंबर में छोड़ा था। उसमें उसने कहा कि उसकी गर्लफ्रेंड और उसके दोस्तों ने ऐसा प्लान बनाया कि उसे खुदकुशी करनी पड़ रही है।







## बिलासपुर में डिप्टी सीएम साव के जन्मदिन पर कवि सम्मेलन



### जश्न में शामिल होने ट्रेन से पहुंचे सीएम साय, आधी रात तक चला सेलिब्रेशन

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में डिप्टी सीएम अरूण साव के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन करने कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान मशहूर कवि हरिओम पवार की कविताओं ने श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिया। हास्य कवि शंभू शिखर के शब्दों में खूब ठहाके लगे।

इस आयोजन में शिरकत करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय ने ट्रेन में सफर किया और रायपुर से बिलासपुर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में समर्थकों ने आधी रात जमकर आतिशबाजी के साथ डिप्टी सीएम साव के हाथों केक कटवाया। इस आयोजन को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रही। दरअसल, डिप्टी सीएम बनने के बाद अरूण साव का यह पहला जन्मदिन है। यही वजह है कि समर्थकों ने उत्साहपूर्वक उनका जन्मदिन मनाने का फैसला लिया। इसके लिए बिलासपुर को इसलिए चुना गया क्योंकि, यहां वो सांसद रहे और बिलासपुर उनका मुख्यालय है। राजनीतिक दृष्टि से कवि सम्मेलन के बहाने संभाग के साथ ही प्रदेश में उनके कद बढ़ने का शक्ति प्रदर्शन भी माना जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक अनुज शर्मा सहित 15 से 20 विधायक समेत दिग्गज नेताओं को बुलाया गया।

## फाइन से बचने दो युवकों ने बदला गाड़ी नंबर, 5 को बनाया 6




### रायपुर में किसी और के पास पहुंचा 39 हजार का ई-चालान

रायपुर में ट्रैफिक फाइन से बचने के लिए के लिए 2 युवकों ने शातिर दिमाग लगाया। आरोपियों ने गाड़ी के नंबर प्लेट में छेड़छाड़ करते हुए गाड़ी का नंबर ही बदल दिया। एक बाइक में 5 नंबर को 6 बनाया तो वहीं दूसरे ने एक्टिवा में 8 नंबर को मार्कर से 8 बना दिया।

इसके बाद युवक बेखौफ ट्रैफिक नियम तोड़ते हुए शहर में गाड़ी दौड़ाते रहे। इस दौरान किसी और के पास अलग-अलग कर 39 हजार तक का ई-चालान पहुंच गया। अब ट्रैफिक पुलिस की शिकायत के बाद सिविल लाइन पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ गैर जमानती अपराध दर्ज किया। आरोपियों को जेल भेजा गया है।

**ऐसे हुआ खुलासा:** इस मामले का खुलासा तब हुआ जब छेड़छाड़ से बने नंबर के असली मालिक के पास कई बार ई-चालान आया। पीड़ित अरुण अवस्थी और दीपक देवांगन नाम के व्यक्ति ट्रैफिक पुलिस के दफ्तर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके गाड़ी नंबर पर करीब दर्जन भर बार ई-चालान का मैसेज आया है। जबकि उन्होंने नियम भी नहीं तोड़ा है।

पुलिस कर्मियों ने जब जांच की तो पता चला 2 युवकों ने अपनी गाड़ी के नंबर से छेड़छाड़ की है। वीडियो को जूम करके देखने पर उनके नंबर प्लेट पर छेड़छाड़ दिखाई दी। जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की।

**इस तरह दे रहे थे चकमा:** इस मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने सिविल लाइन पुलिस में शिकायत दी। इसके बाद ताज नगर के निवासी मोहम्मद अहमद और राजा तालाब के निवासी भावेश सावरकर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जब इनके गाड़ी नंबर को देखा तो वे हैरान रह गए।

दरअसल, एक आरोपी के बाइक का नंबर था ष्ट 3559 इसमें एक 5 को आरोपी ने 6 बना दिया था। वहीं दूसरे आरोपी की स्कूटी का नंबर था पत्रिका 5289 इसने अंतिम के नंबर 9 को मार्कर से 8 बना दिया था। इनमें से एक गाड़ी पर 9 ई-चालान था, जिसमें 39 हजार रुपए फाइन था। दूसरी गाड़ी पर 4 ई-चालान था, जिसमें 14 हजार रुपए फाइन था।

**गैर-जमानती अपराध में गए जेल:** आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ई-चालान से बचने के लिए नंबर बदले थे। सिविल लाइन थाना प्रभारी रोहित मानेकर ने बताया कि दोनों आरोपियों को नंबर टेंपरिंग करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में बीएनएस की धाराओं में गैर जमानती धाराओं में अपराध दर्ज हुआ है।

## दो युवकों को एक ही युवती से एकतरफा प्यार, एक ने बात करने से मना किया तो चाकू गोदकर की हत्या

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में शनिवार की रात युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। यह ?पूरा मामला एकतरफा प्यार का है। दो युवकों को एक ही युवती से एकतरफा प्यार था, जिसे लेकर यह वारदात हुई। मामला साल्हेवारा थाना क्षेत्र के खादी गांव का है। जानकारी के मुताबिक मृतक धीरज यादव (20 साल) ने आरोपी सीताराम पटेल (19 साल) को मिलने बुलाया था। इस दौरान धीरज ने सीताराम को कहा कि, वह युवती को परेशान ना करे और दोनों के बीच ना आए। इसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपी सीताराम पटेल ने धीरज पर चाकू से हमला कर दिया।

**चेहरे और गले पर 10 से ज्यादा बार वार:** आरोपी ने युवक के शरीर पर 10 से ज्यादा बार वार किया। चेहरे और गले को बुरी तरह गोदा। लहूलुहान युवक ने मौके पर तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण सड़क पर आ गए और पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया।

**ग्रामीणों ने रात भर किया प्रदर्शन:** घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की, लेकिन इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पूरी रात बवाल किया। ग्रामीणों ने मृतक के शव को घटनास्थल पर ही रखकर रातभर प्रदर्शन किया।

**बकरकट्टा-गंडई थाने से बुलाया गया पुलिस बल:** गांव वाले इतने आक्रोशित थे कि, वे खुद आरोपी को सजा देने की बात करने लगे। ग्रामीण पुलिस से आरोपी को सौंपने की मांग कर रहे थे। बिगड़ते माहौल को देखते हुए साल्हेवारा पुलिस ने बकरकट्टा और गंडई थाने से पुलिस बल बुलाया और मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के बवाल के बीच शव का पंचनामा किया।

**गांव में भी स्थिति सामान्य-थाना प्रभारी:** ग्रामीणों को समझाकर मामले को शांत कराया गया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी सीताराम पटेल को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। साल्हेवारा थाना प्रभारी धमेंद्र वैष्णव ने कहा कि गांव में भी स्थिति सामान्य है।

## 3100 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य और 21 क्विंटल प्रति एकड़ किसान धान बेचे

### हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की तर्ज पर श्याम बिहारी जायसवाल का किसानों को संदेश



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (एजेंसी)।** कांग्रेस हर चीजों में राजनीति करना बंद करें। माननीय विष्णु देव जी की सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है । हम किसानों की प्रति एकड़ 21 कुंटल धान खरीदेंगे और खरीद रहे है।कई सोसाइटी में बात आ रही कि अभी कम टोकन कटे हैं। इसका कारण जानने के बाद पता चला कि समिति प्रबंधकों से अभी इंतजाम प्रारंभिक अवस्था में है, अभी मैं रतनपुर के ही धान खरीदी केंद्र में हूं और जो किसान यहां धान ला रहे हैं किसी का 15 कुंटल है किसी का 20 कुंटल है ऐसा नहीं है कि यह अंतिम खरीदी है ।सरकार ने प्रावधान दिया है दो टोकन काटने का है। जो बचे हुए धान है वह दूसरे टोकन में आएंगे और जो किसान का 21 कुंटल उपज ही नहीं है वह कहां से लाएंगे 21 कुंटल धान । मैं बताना चाहता हूं सरकार हर किसान का धान 21 कुंतल पर एकड़ के दर से खरीदेंगे। जो कांग्रेस पार्टी के लोग हैं जैसा की जानकारी मिल रहा है ज्ञापन देने की बात चल रही है धरना देने की बात चल रही है यह राजनीति करने का काम है। उक्त बाते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल खड़गवा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में किसानों के बीच कही।

दरअसल आज मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने सर्व प्रथम अपने खलिहान में पूजा अर्चना कर गृह ग्राम रतनपुर, बरदर, लकड़ापारा, खड़गंवा के सभी धान खरीदी केंद्रों में जाकर धान को हाथों से उठाकर देखा और सभी किसानों से भेंट मुलाकात की । इस दौरान मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किसानों को फूल माला पहनाकर और श्रीफल देकर धान बेचने की बधाई दी और किसानों से कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस के लोगों के द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है कि 2300 रुपए प्रति कुंटल समर्थन मूल्य और 15 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी किया जा रहा है ऐसा कुछ भी नहीं है जो हमारे मुख्यमंत्री ने किसानों से वादा किया है की ?3100 पर क्विंटल धान खरीदी करेंगे और पर एकड़ 21 क्विंटल धान लेंगे वह सभी धान खरीदो केंद्र में लिया जा रहा है। जिसके पास उतना धान ही नहीं है तो वह किसान कैसे 21 क्विंटल लाकर धान बेचेगा, जिसके पास जितना धान है किसान उतना ही धान समितियां में लाकर बेचेगा ।

## मनेंद्रगढ़ के चैनपुर से चिरमिरी के साजापहाड़ पहुंच मार्ग का होगा उन्नयन और चौड़ीकरण

### 17.40 किमी लंबी सड़क के लिए 40 करोड़ 87 लाख रूपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

### क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से संवर रहा है मनेंद्रगढ़



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (एजेंसी)।** मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों से ये वायदा किया था कि मूल सुविधाओं की कमी को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपने वायदे के अनुरूप श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में क्षेत्र में लगातार नए मानकों को स्थापित करने का कार्य किया है। इसी कड़ी में श्याम बिहारी जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों की सुविधाजनक आवागमन को लेकर भी अपने प्रयासों से बड़ी सौगात दिलायी है। इसी कड़ी में मनेंद्रगढ़ के चैनपुर से चिरमिरी के साजापहाड़ तक 17.40 किमी लंबे सड़क मार्ग के उन्नयन और चौड़ीकरण के लिए श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से 40 करोड़ 87 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित है।

वर्ष 2003 के पहले रायपुर और राज्य के अन्य प्रांतों से मनेंद्रगढ़ तक पहुंचने का सबसे बड़ा साधन रेल मार्ग ही था। यहां की सड़कों की हालत इतनी खराब थी कि लोगों ने सड़कों पर चलना ही छोड़ दिया था। क्षेत्र के लोंगो द्वारा लंबे समय से मनेंद्रगढ़ के साजापहाड़ से चिरमिरी के चैनपुर तक सड़क निर्माण की मांग उठती रही। ऐसा होने से दोनों शहरों के बीच की न सिर्फ दूरी कम होती बल्कि आवागमन की सुविधा बेहतर होने से व्यापार और शिक्षा के स्तर में भी वृद्धि होती। लेकिन छत्तीसगढ़ निर्माण के तीन वर्षों तक तत्कालीन कांग्रेस सरकार व उनके स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दोनों शहरों को जोड़ने की दिशा के कोई काम नहीं किया । जबकि ये मांग काफी छोटी और बहुप्रतिक्षित थी।

इसके बाद 2003 में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और औक क्षेत्र के लोगों को नई उम्मीद नजर आई। तत्कालीन विधायक दीपक कुमार पटेल जी ने इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए प्रयास किया गया और साल 2010 में इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होकर पोड़ी चौक से साजापहाड़ की सीमा तक 10 किमी लंबे सड़क का निर्माण हुआ। उस वक्त वन विभाग की अनुमति न मिलने से काम पूरा नही हो पाया। इस अधूरी सड़क के निर्माण को पूरा करने का जिम्मा साल 2013 में तत्कालीन विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने हाथों में लेते हुए वन विभाग की परेशानियों को विधानसभा में उठाया और तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री से चर्चा कर नवीन सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलवाई।

नवीन सड़क का कार्य साल 2014 में प्रारंभ हुआ और 6 माह के भीतर दोनों शहर आपस में जुड़ गए। इससे चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ की मुख्य सड़क यही बन गयी। समय के साथ इस सड़क पर आवागमन का दबाव बढ़ा और लोगों की मांग उठने लगी कि इसका चौड़ीकरण किया जाए। क्षेत्र के लोगों की मांग पर स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने वर्ष 2017-18 के बजट में इस सड़क के चौड़ीकरण कार्य की स्वीकृति विधानसभा में करा ली। लेकिन वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार के सत्ता में आने के बाद इस सड़क की चौड़ीकरण का कार्य फिर रूक गया और सड़क के चौड़ीकरण की प्रशासकीय स्वीकृति भी फाइलों में ही अटक कर रह गयी।

## सरगुजा संभाग के जिलों में कड़ाके की ठंड, दुर्ग में पारा सामान्य से 5 डिग्री कम



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में उत्तर से आ रही हवाओं के कारण ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। सरगुजा संभाग के जिलों में कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री और पहाड़ी इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर पहुंच गया है, जो अभी सबसे ज्यादा ठंडा है। लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा ले रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम, रायपुर और बस्तर संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य रहा। अगले 3 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**सरगुजा सबसे ठंडा:** सरगुजा संभाग के जिलों में बीते एक सप्ताह से पड़ रही ठंड ने लोगों की हालत खराब कर दी रहै। दिसंबर जनवरी के महीने में पड़ने वाली ठंड नवंबर में ही पड़ रही है। प्रदेश में सबसे कम पारा अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया। यहां रात का पारा सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा।

**दुर्ग में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे:** दुर्ग जिले में लगातार रात के तापमान में गिरावट बनी हुई है। शनिवार को दुर्ग में रात का पारा 12.4 डिग्री रहा जो सामान्य से करीब 5 डिग्री ( 4.8) डिग्री कम रहा। तकनीकी रूप से देखा जाए तो सरगुजा के बाद दुर्ग में अन्य जिलों के मुकाबले ज्यादा ठंड है।


## साइकिल चोरी के विवाद में व्यक्ति की हत्या



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में रोड किनारे व्यक्ति की लाश मिली थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि साइकिल चोरी को लेकर हुए विवाद में 2 लोगों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात अर्जुन्दा थाना क्षेत्र की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बोरगहन से परसवानी मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान ग्राम बासिन निवासी दुखुराम मरकाम के रूप में हुई। लाश के पास एक साइकिल भी मिली, जिसमें प्लास्टिक की खाली बोरी बंधी हुई थी।

# हेमंत सोरेन 28 नवंबर को सीएम पद की शपथ लेंगे

**रांची।** झारखंड में इंडिया ब्लॉक की दोबारा सरकार बनेगी। रविवार को इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक ष्टरू आवास में हुई। इसमें हेमंत सोरेन विधायक दल के नेता चुन लिए गए। इसके बाद उन्होंने राजभवन जाकर सीएम पद से इस्तीफा दिया और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्य गठन के बाद पहली बार है जब सरकार रिपीट हुई है। अब तक हर चुनाव में सरकार बदल जाती थी। राजभवन के बाहर पत्रकारों के साथ बातचीत में हेमंत सोरेन ने कहा- राज्यपाल संतोष गंगवार ने कार्यवाहक सीएम नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। समारोह सुबह 11.30 बजे होगा। सूत्रों के अनुसार, गठबंधन 5 विधायक पर एक मंत्री पद का फॉर्मूला तय कर सकता है। इसमें जेएमएम को 6, कांग्रेस को 1 और राजद को 1 मंत्री पद मिल सकता है।



शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, नई सरकार में चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा और घाटशिला से जीते रामदास सोरेन का दोबारा मंत्री बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा महतो वोट बैंक को साधने के लिए मथुरा महतो को शामिल किया जा सकता है। जेएमएम अल्पसंख्यक कोटे से हफीजुल हसन और एमटी राजा में से किसी को मंत्री बना सकती है। हफीजुल पिछली सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पार्टी क्षेत्रीय संतुलन को साधन के लिए संथाल परगना और उत्तरी छोटानागपुर से किसी को मंत्री बना सकती है।

वहीं, कांग्रेस में अल्पसंख्यक कोटे से एकमात्र विधायक इरफान अंसारी जीते हैं। उनकी दोबारा लॉटरी लग सकती है। दूसरा नाम रामेश्वर उरांव को हो सकता है। उरांव पिछली सरकार में वित्त मंत्री थे। वह हेमंत कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री भी थे।

कांग्रेस प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय सिंह में से किसी एक को मंत्री बना सकती है। जबकि, राजद की तरफ से संजय प्रसाद यादव और संजय कुमार यादव में से किसी एक का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। झारखंड के मुख्यमंत्री और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया और राजभवन में सरकार बनाने का दावा पेश किया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटों के साथ इंडिया ब्लॉक को जीत दिलाई।

# राज्यसभा में धनखड़-खड़गे के बीच बहस

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र का सोमवार को पहला दिन था। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और लीडर ऑफ अपोजिशन मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच बहस हुई। दरअसल धनखड़ ने खड़गे से कहा कि हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। उम्मीद है आप इसकी मर्यादा रखेंगे।

इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। इस पर धनखड़ ने कहा- मैं आपको इतना सम्मान देता हूं और आप ऐसा बोल रहे हैं। मुझे दुख पहुंचा है। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

उधर लोकसभा की कार्यवाही भी पूरी नहीं हो सकी। विपक्ष के नेता अडाणी मुद्दे पर हंगामा करते रहे। सदन को 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

इस बार सत्र में अडाणी, मणिपुर हिंसा और ट्रेन दुर्घटनाओं पर हंगामे के आसार हैं। अमेरिका की न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने गौतम अडाणी पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 2,200 करोड़ रुपए की रिश्वत देने की पेशकश का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने इस मामले पर JPC की मांग रखी है।

राज्यसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद जैसे ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बोलना बंद किया तो विपक्ष के नेता चिल्लाने लगे कि, LOP को बोलने दीजिए। इस पर धनखड़ ने कहा कि मुझे बोले हुए अभी एक सेंकेंड भी नहीं हुआ और आप लोग चिल्लाने लगे। इससे विपक्ष नेता की गरिमा को नुकसान पहुंचता है। हमारे संविधान को इस साल 75 साल पूरे हो रहे हैं। आपको कुछ तो मर्यादा रखनी चाहिए। इस पर खड़गे खड़े होकर बोले कि उन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। इस पर धनखड़ ने कहा कि, मैं आपको इतना सम्मान देता हूं और आप ऐसा बोल रहे हैं। मुझे दुख पहुंचा है।





## दिल्ली में एक्यूआई-412, इस महीने 8 दिन प्रदूषण गंभीर रहा

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। रविवार सुबह करीब 7 बजे दिल्ली के 7 जगहों पर एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण का सबसे खतरनाक लेवल आनंद विहार में देखा गया। यहां त्त्ह्ल 412 रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, दिल्ली की हवा में मामूली सुधार हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, औसत एक्यूआई रविवार को 366 दर्ज किया गया। शनिवार को 412 रिकॉर्ड गिया गया था।

सीपीसीबी के डेटा के मुताबिक, नवंबर में दिल्ली का एक्यूआई 300 से नीचे नहीं आया है, इसलिए दिल्ली में 8 गंभीर और 15 बहुत खराब दिन दर्ज किए। राजधानी में नवंबर 2023 में 9 और 2022 में 3 गंभीर दिन देखे गए थे। दिल्ली के अलावा मध्य भारत के कई शहर भी धुंध और कोहरे की चादर में हैं। चिंता की बात यह है कि अभी धुंध का पीक आना बाकी है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिसंबर-जनवरी में धुंध वाले दिनों की संख्या सामान्य से अधिक हो सकती है। यह धुंध पहले से ज्यादा घनी भी होगी। तापमान में गिरावट और आने वाले दिनों में नमी 80त्न से अधिक रहेगी। इससे न केवल कोहरा बनेगा बल्कि घनी आबादी के इलाकों में वाहनों, कारखानों के धुएं और निर्माण कार्यों की धूल से मिलकर कोहरा धुंध में तब्दील होगा।

## सिद्धू के नीम-हल्दी से कैंसर के इलाज का दावा खारिज

जालंधर। पंजाब कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिद्धू के पत्नी को कैंसर से ठीक करने वाले इलाज के दावे पर विवाद हो गया है। सिद्धू ने कहा था कि उन्होंने आयुर्वेदिक तरीके से पत्नी का इलाज किया। कैंसर सेल्स को बढ़ाने वाली मीठी चीजों को बंद किया। जिसके बाद पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू कैंसर फ्री हो गईं। सिद्धू ने इस बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। इसका वीडियो वायरल होने के बाद अब टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल की अगुआई में 262 ऑन्कोलॉजिस्ट ने इस दावे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि सिद्धू की बताई कुछ चीजों पर रिसर्च जरूर चल रही है, लेकिन इनसे ठीक हो जाने का दावा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिद्धू के दावे के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। ऐसे में लोगों को कैंसर जैसे लक्षण होने पर तुरंत अस्पताल में जांच करानी चाहिए। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मेरी पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू (नोनी) अब कैंसर फ्री हो चुकी हैं। मुझ पर जब यह आपदा आई तब मैं जेल में था। जब में जेल से छूट कर आया तब नोनी का ऑपरेशन हो चुका था। नोनी की कीमोथैरपी हुई, लंबे अरसे तक इसका इलाज चला। पूरा परिवार साथ खड़ा रहा। एक वक्त आया कि नोनी को लगा कि शायद मैं न बचूं तो बेटे की शादी करवा दो। तब नोनी अस्पताल में थी। बेटे की शादी के दौरान नोनी ने कुछ हफ्तों के लिए अपना इलाज मिस कर दिया। नवजोत सिंह सिद्धू ने आगे कहा- इलाज मिस किया तो कुछ दिनों बाद पता चला कि कैंसर फिर से हो गया है।

# राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत लंबित प्रकरणों का हो त्वरित निराकरण - एडीएम

**भोपाल.** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र सिंह के निर्देशन में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों और समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा कर उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री जैन ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें और प्राथमिकता के आधार पर सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर श्री जैन ने राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि ,आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का समाधान कर ,भोपाल को प्रथम स्थान पर लाए।




ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप और रणनीति बनाकर जनता के साथ संवाद स्थापित करते हुए अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर श्री जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में खुले में मांस बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाएं। इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाए एवं निर्देशों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।अपर कलेक्टर श्री जैन ने अवैध रूप से लाउडस्पीकर और डीजे चलाने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शोर, प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।अपर कलेक्टर श्री जैन ने राजस्व महाअभियान में गति लाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। बैठक में एडीएम श्री अंकुर मेश्राम, श्री भूपेंद्र गोयल और सभी एसडीएम उपस्थित थे।

# पूर्व सीजेआई बोले- राजनीति में जाने का इरादा नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से पूछा गया कि क्या वे कभी राजनीति में आएंगे। उन्होंने कहा- वे 65 साल की उम्र के बाद ऐसा कुछ नहीं करेंगे, जिससे उनके काम और न्यायिक प्रणाली की ईमानदारी पर संदेह पैदा हो। चंद्रचूड़ रविवार को एनटीवी इंडिया के संविधान 75 कॉन्क्लेव में पहुंचे थे। उनसे सवाल किया गया कि क्या रिटायरमेंट के बाद जजों को राजनीति में आना चाहिए। इसके जवाब में उन्होंने कहा- संविधान या कानून में ऐसा करने पर कोई रोक नहीं है। हमारा समाज पूर्व जजों को कानून के संरक्षक के रूप में देखता है। उनकी लाइफ स्टाइल



समाज के कानूनी सिस्टम के मुताबिक होनी चाहिए। जजों को सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर राय नहीं बनानी चाहिए पूर्व सीजेआई ने कहा- जजों को ट्रोलिंग से बहुत सावधान रहना होगा। ट्रोलर्स कोर्ट के फैसलों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। लोकतंत्र में कानूनों की वैधता तय करने की पावर कॉन्स्टिट्यूशनल कोर्ट को सौंपी गई है। पावर के सेपरेशन में नियम हैं। जैसे कानून बनाने का काम विधायिका करेगी, कानून का क्रियान्वयन कार्यपालिका करेगी और ज्यूडिशियरी कानून की व्याख्या और विवादों का फैसला करेगी। हालांकि कई बार ये तनावपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में नीति निर्माण का काम सरकार को सौंपा जाता है। जब मौलिक अधिकारों की बात आती है तो संविधान के तहत कोर्ट का कर्तव्य है कि वे हस्तक्षेप करें।

## महाराष्ट्र में महायुति की सरकार, 230 सीटें जीती

मुंबई। देवेंद्र फडणवीस ने दुष्यंत कुमार का यह शेर 1 दिसंबर 2019 को? महाराष्ट्र विधानसभा में पढ़ा था। 28 नवंबर 2019 को भाजपा से अलग होकर उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के समर्थन से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उद्धव ठाकरे की वजह से ही फडणवीस सीएम बनते-बनते रह गए थे। 23 नवंबर 2024, यानी 5 साल पूरे होने के 5 दिन पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया। भाजपा 149 सीटों पर लड़ी, 132 सीटें जीतीं। उसके गठबंधन ने 288 सीटों में से रिकॉर्ड 230 सीटें जीतीं। भाजपा का स्ट्राइक रेट 88 प्रतिशत रहा। हालांकि, वोट शेयर (26.77 प्रतिशत ) में मामूली इजाफा हुआ। 2019 के चुनाव में वोट शेयर 26.10त्न था। 0.67 वोट मार्जिन के साथ भाजपा को 27 सीटों का फायदा हुआ। महा विकास अघाड़ी को 46 सीटें मिलीं कांग्रेस नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी को 46 सीटें मिलीं। इस चुनाव में मुकाबला 6 बड़ी पार्टियों के दो गठबंधन में था। महायुति में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है।

# जगद्गुरु कृपालु महाराज की बेटियों की कार का एक्सीडेंट, बड़ी बेटी की मौत... दो बेटियां जख्मी

नई दिल्ली। रविवार सुबह उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी का निधन हो गया। हादसे में उनकी दोनों बहनें, श्यामा त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी समेत अन्य 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा ग्रेटर नोएडा के दनकौर इलाके में हुआ। कृपालु महाराज के मुख्य शिष्य एवं प्रेम मंदिर के मुख्य सेवक अजय त्रिपाठी ने संवाददाताओं को बताया कि जगतगुरू दिवंगत कृपालु महाराज की तीनों बेटियां तड़के चार बजे सिंगापुर जाने के लिये दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जा रही थीं कि इसी दौरान रास्ते में नोएडा में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी कारों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कृपालु महाराज की बेटियों विशाखा त्रिपाठी (75), कृष्णा त्रिपाठी तथा श्यामा त्रिपाठी सहित आठ लोग घायल हो गए।





उन्होंने बताया कि विशाखा त्रिपाठी की कुछ ही देर में मौके पर ही मौत हो गई। उनकी दोनों छोटी बहनों को गंभीर रूप से घायल हालत में दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी स्थिति बेहद नाजुक बतायी जा रही है। अन्य घायलों को भी अस्पताल में उपचार जारी है।

## देश के 3 राज्यों में बर्फबारी, 9 में घना कोहरा

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर। जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अब हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में भी बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के कुल्लू जिले के रोहतांग पास और अटल टनल के पास रविवार को बर्फबारी हुई। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, गुलमर्ग, बांदीपोरा और लद्दाख के लेह में भी रविवार को बर्फबारी हुई। तीनों राज्यों में सोमवार को भी बर्फ गिरने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने देश के 8 राज्यों में घना कोहरा छाने का भी अनुमान जताया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल है।

# भारत और नॉर्वे के बीच टीईपीए समझौते पर चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के वाणिज्य सचिव सुनील भार्थवाल ने शुक्रवार, 22 नवंबर को नॉर्वे का दौरा किया। उनका यह दौरा भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ देशों के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू करने में तेजी लाने और 100 अरब डॉलर के निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से था। भार्थवाल का नॉर्वे दौरा भारत और ईएफटीए देशों के बीच टीईपीए समझौते को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए था। इस समझौते के तहत, भारत को ईएफटीए देशों के बाजारों में अपने उत्पादों और सेवाओं के निर्यात के लिए 99.6 प्रतिशत बाजार का अधिकार मिलेगा। इसमें गैर-कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों पर महत्वपूर्ण टैक्स छूट दी जाएगी। भारत ने ईएफटीए देशों को 82.7 प्रतिशत अपनी टैक्स लाइनों की पेशकश की है, जो ईएफटीए के निर्यात का 95.3 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है। भारत ने श्वस्नञ्ज के लिए 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है, जबकि नॉर्वे ने 114 क्षेत्रों में प्रतिबद्धता



की है। भार्थवाल ने नॉर्वे में टॉमस नॉर्वोल (राज्य सचिव, मंत्रालय व्यापार, उद्योग और मछलीपालन) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इन बैठकों में मुख्य रूप से व्यापार संबंधों को बढ़ावा देना, भारतीय निर्यात को प्रोत्साहन देना, और ईएफटीए के अनुमोदन में तेजी लाने के मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, वाणिज्य सचिव ने नॉर्वेजियन संसद के सदस्यों से भी मुलाकात की और समझौते के संभावित लाभों पर जोर दिया।

## 8 बार विधायक रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता थोराट को हार का सामना करना पड़ा, 10,560 मतों से रहे पीछे

नई दिल्ली। चर्चा से दूर और मिलनसार नेता माने जाने वाले एवं आठ बार विधायक रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट को इस बार विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। निवर्तमान विधानसभा में सबसे वरिष्ठ विधायक और कांग्रेस विधायक दल के नेता 71 वर्षीय थोराट ने हाल ही में मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा का संकेत दिया था। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के शनिवार को घोषित नतीजों के मुताबिक, विजय भाऊसाहेब थोराट जिन्हें बालासाहेब थोराट के नाम से जाना जाता है, अहिल्यानगर जिले की संगमनेर सीट से शिवसेना के अमोल खटाल से 10,560 मतों के अंतर से हार गए। उन्होंने 1985 में संगमनेर से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। उसके बाद के सभी चुनाव उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर संगमनेर से जीते। पिछले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव (2019) में उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी का नेतृत्व किया था।

## उपचुनावों में राजद की हार कोई बड़ी बात नहीं, तेजस्वी यादव बोले- 2025 के विधानसभा चुनाव में करेंगे बेहतर प्रदर्शन

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में चार विधानसभा सीट पर हुए उपचुनावों में विपक्षी 'महागठबंधन% की हार के बाद शनिवार को दावा किया कि यह गठजोड़ राज्य में अगले होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने पड़ोसी राज्य झारखंड में अपनी पार्टी के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जताई, जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के



नेतृत्व वाले गठबंधन ने सत्ता बरकरार रखी है। झारखंड में साल 2019 के चुनाव में राजद ने केवल चतरा सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उसने देवघर, गोड्डा, विश्रामपुर और हुसैनाबाद सीट जीतीं। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने चारों विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में जीत हासिल की है। यादव ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, कुछ सीट पर हार कोई बड़ी बात नहीं है। हाल के लोकसभा चुनाव में हमने इन विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थीज्ह्म 2025 के विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## अब ईवीएम से भी होने लगी बेईमानी नहीं लड़ेंगे उपचुनावः मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में ईवीएम के जरिए फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी भविष्य में उपचुनाव नहीं लड़ेगी।

सुश्री मायावती ने रविवार को यहां कहा कि पहले बैलट पेपर के जरिए फर्जी मतदान की सूचनाओं मिलती थी जबकि अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए भी फर्जी मतदान होने लगा है इसलिए उनकी पार्टी ने फैसला लिया है कि भविष्य में किसी भी उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में पूरी ताकत से जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। उपचुनाव न लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उपचुनाव में सरकारी मशीनरी पूरी तरह से सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में होती है जबकि आम चुनाव में ऐसा नहीं है क्योंकि सरकारी मशीनरी को लगता है कि यदि विपक्षी दल सत्ता में आएगा तो उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है

# यशस्वी जायसवाल ने किया कमाल, 15वें टेस्ट में ही कर ली गौतम गंभीर की बराबरी



**पर्थ।** भारत की ओर से बतौर सलामी बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 150+ स्कोर बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यशस्वी ने 150+ स्कोर बनाने के मामले में गौतम गंभीर और मुरली विजय की बराबरी कर ली है। भारत की तरफ से ओपनर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 150+ रन बनाने का रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। पर्थ टेस्ट मैच में टीम इंडिया का दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पहली पारी में जहां क्रेडिट कप्तान जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी को जाता है उतना ही क्रेडिट दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल की बल्लेबाजी को भई जाता है। जायसवाल ने दूसरी पारी में 161 रनों की धमाकेदार पारी खेली। यशस्वी जो पहली पारी में बिना खाता खोले आउट हुए थे, उन्होंने दूसरी पारी में सारी कसर निकाल दी। साथ ही टीम इंडिया को केएल राहुल के साथ मिलकर मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इसी के साथ जायसवाल ने दूसरे दिन 150 रनों का आकंड़ा पार किया। इस दौरान उन्होंने 15वें टेस्ट मैच में ही एक खास क्लब में पहुंच गए हैं। भारत की ओर से बतौर सलामी बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 150+ स्कोर बनाने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। यशस्वी ने 150+ स्कोर बनाने के मामले में गौतम गंभीर और मुरली विजय की बराबरी कर ली है। भारत की तरफ से ओपनर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 150+ रन बनाने का रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। सहवाग ने ये कारनामा 14 बार किया है वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर सुनील गावस्कर हैं, जिन्होंने ये काकरनामा 11 बार किया है। जो गौर करने वाली बात है कि जायसवाल ने महज 15वें टेस्ट में ही 4 बार ऐसा कर लिया है।

ये यशस्वी का टेस्ट क्रिकेट में चौथा शतक था। उन्होंने अभी तक जब भी शतक मारा है, 150 रनों का आंकड़ा जरूर पार किया है, जिसमें दो दोहरे शतक भी शामिल हैं। ये दिखाता है कि यशस्वी कितनी कंसिस्टेंसी से बैटिंग कर रहे हैं। यशस्वी ने इस पारी में कुल तीन छक्के लगाए और इसके साथ ही उन्होंने एक कैलेंडर ईयर में टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का वर्लड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। ये रिकॉर्ड पहले ब्रेंडन मैक्कलम के नाम दर्ज था, जिन्होंने 2014 में 33 छक्के लगाए थे। यशस्वी 2024 में अब उनसे आगे निकल चुके हैं।

## विराट कोहली का बल्ला गरजा, पर्थ में सेंचुरी ठोककर नया रिकॉर्ड दर्ज किया

मुम्बई। विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 16 पारियों से चला आ रहा शतक का सूखा समाप्त किया। उन्होंने इस बार भी बड़ी पारी खेलने के लिए बड़े मंच को चुना। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ा। इसी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वे भारत के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सात शतक जड़े हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया में 6 टेस्ट तक लगाए थे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में विराट कोहली ने पहली पारी में सिर्फ 5 रन ही बना पाए थे।



लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उनके लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मंच सेट किया था। दोनों ने पहले विकेट के लिए 200 से ज्यादा रन जोड़े थे। विराट ने पारी को आगे बढ़ाया और दमदार शतक जड़ा। उन्होंने 14.3 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्के जड़े और 30वां टेस्ट शतक पूरा किया। इससे पहले टेस्ट मैच में उनका शतक पिछले साल जुलाई में आया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने शतक जड़ा था। एक साल 4 महीने और 3 दिन के बाद उन्होंने शतकीय पारी टेस्ट क्रिकेट में खेली। कोहली ने जैसी ही शतक जड़ा वैसे ही भारत ने अपनी दूसरी पारी को घोषित कर दिया। भारत ने 487/6 पर पारी घोषित की। इस तरह ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 534 रनों का लक्ष्य है, क्योंकि भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया ने 150 रन पहली पारी में बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर ही ढेर हो गई।

## कृष्णप्पा गौतम का खुलासा, कहा- पंजाब किंग्स के लिए नहीं चाहता खेलना



**मुम्बई।** कर्नाटक के ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम ने कहा है कि वह नहीं चाहते कि पंजाब किंग्स उनको ऑक्शन में खरीदे। के गौतम का अच्छा अनुभव पंजाब किंग्स के साथ नहीं रहा। गौतम को 2020 के आईपीएल में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, लेकिन उस सीजन उन्होंने केवल दो मैच खेले थे। गौतम को 6.20 करोड़ रुपये में टीम ने खरीदा था। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में शुरू होने में बस कुछ ही समय है, लेकिन उससे पहले कर्नाटक के ऑलराउंडर ने बड़ा खुलासा किया है। दरअल, कर्नाटक के ऑलराउंडर कृष्णप्पा गौतम ने कहा है कि वह नहीं चाहते कि पंजाब किंग्स उनको ऑक्शन में खरीदे। के गौतम का अच्छा अनुभव पंजाब किंग्स के साथ नहीं रहा। गौतम को 2020 के आईपीएल में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, लेकिन उस सीजन उन्होंने केवल दो मैच खेले थे। गौतम को 6.20 करोड़ रुपये में टीम ने खरीदा था। उन दो मैचों में 10.50 की इकॉनमी से केवल एक विकेट उनको मिला था और 155.55 के स्ट्राइक रेट से वे 42 रन बनाने में सफर रहे थे। क्रिकेटडॉटकॉम को दिए इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि आप किस एक टीम के लिए नहीं खेलना चाहते हैं? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि, मैं पंजाब किंग कहूंगा। मैं बहुत ईमानदारी से कह रहा हूं। कारण ये है कि मेरा उनके साथ कभी अच्छा अनुभव नहीं रहा। गौतम ने कहा कि क्रिकेट से इतर भी कई कारण हैं जिनकी वजह से वह मोहाली फ्रेंचाइजी के लिए नहीं खेलना चाहते। उन्होंने कहा कि, और भी कई चीजें हैं, ये सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है और भी कई चीजें हैं। मैं एक क्रिकेटर के तौर पर जिस तरह से व्यवहार चाहता हूं वैसा नहीं रहा। मुझे लगता है कि मैं अपनी आस्तीन पर बहुत कुछ पहनता हूं जब मैं किसी टीम के लिए खेलता हूं तो मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देता हूं, मैदान पर 100 प्रतिशत से भी ज्यादा। मैं कभी कुछ नहीं छिपाता, लेकिन अगर पंजाब मुझे चुनती है तो उन्हें 100 प्रतिशत से ज्यादा नहीं दूंगा। कृष्णप्पा गौतम ने आईपीएल में कुल 36 मैच खेले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यम आकार की इलेट्रिक बाइक का विकास कर रही है हीरो मोटोकॉप

**नयी दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प अपनी अमेरिकी भागीदार जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ एक मध्यम आकार की प्रदर्शन खंड की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल विकसित करने के अग्रिम चरण में हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैलिफोर्निया की कंपनी जीरो मोटरसाइकिल्स इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और पावरट्रेन में विशेषज्ञता रखती है। सितंबर, 2022 में हीरो मोटोकॉर्प के निदेशक मंडल ने कंपनी में छह करोड़ अमेरिकी डॉलर तक के इक्विटी निवेश को मंजूरी दी थी। वर्ष 2023 में कंपनियों ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक के विकास के लिए सहयोग की घोषणा की थी। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, ''जहां तक ईवी मोटरसाइकिल की बात है... हम जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ साझेदारी में इसका विकास कर रहे हैं... यह (बाइक) मध्यम वजन खंड में आएगी।'' उन्होंने कहा, ''यह अग्रिम चरण में है। हमने अभी तक इसके लिए समयसीमा की घोषणा नहीं की है, लेकिन हम कुछ ऐसा देख रहे हैं जो बहुत दूर नहीं होगा। गुप्ता ने कहा कि यह बाइक प्रदर्शन खंड में आएगी। कंपनी चालू कैलेंडर साल में कई मूल्य खंड में अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर श्रृंखला का भी विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा, ''जहां तक इलेक्ट्रिक स्कूटर की बात है, छह माह के भीतर हम ज्यादातर मूल्य खंड और ग्राहक वर्ग में इसे पूरा कर लेंगे।'' हीरो मोटोकॉर्प की मौजूदा विडा इलेक्ट्रिक स्कूटर श्रृंखला की कीमत वर्तमान में एक से डेढ़ लाख रुपये के बीच है, जिसमें सरकारी सब्सिडी भी शामिल है।

### रिलायंस के रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार, खुदरा कारोबार को लेकर अनिश्चितता बरकरार : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के हाल में खराब प्रदर्शन के दो कारणों में से एक-कमजोर रिफाइनिंग मार्जिन-में सुधार आया है। ब्रोकरेज कंपनी जेपी मॉर्गन ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि दूसरे कारण - खुदरा कारोबार की कमजोर आय वृद्धि - के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल है। रिलायंस का शेयर आठ जुलाई के अपने उच्चतम स्तर से 22 प्रतिशत नीचे (निफ्टी 3.3 प्रतिशत नीचे) है। ऐसे बाजार में जहां ज्यादातर शेयरऐतिहासिक मूल्यांकन से काफी ऊपर कारोबार कर रहे हैं, रिलायंस का शेयर काफी किफायती लग रहा है। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी के तीन मुख्य कारोबार हैं - तेल शोधन और पेट्रोरसायन, खुदरा और दूरसंचार। इसमें खुदरा कारोबार और दूरसंचार कारोबार की कुल आय में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में लगभग सभी ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व की शुद्ध कमाई (एबिटा) में वृद्धि इन दोनों कारोबार से ही आएगी। रिपोर्ट में कहा गया कि जून से रिफाइनिंग मार्जिन में तेजी से गिरावट आई है, और समूह की खुदरा उपभोक्ता कंपनी (रिलायंस रिटेल) की आय वृद्धि निराशाजनक रही है।

## आईसीसी और बीसीसीआई अधिकारियों के साथ चैम्पियंस ट्रॉफी विवाद सुलझाने को कोई बैठक नहीं : पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन खबरों को खारिज कर दिया कि उसके अधिकारी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर अनिश्चितता को दूर करने के लिए 26 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अपने समकक्षों के साथ एक वर्चुअल बैठक करेंगे। बीसीसीआई द्वारा टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने में असमर्थता जताने के बाद टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा में देर हो रही है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''हमारे, बीसीसीआई और आईसीसी के बीच किसी बैठक के बारे में आईसीसी से हमें कोई जानकारी नहीं मिली है।'' उन्होंने यह भी कहा कि पीसीबी को आईसीसी से उस ईमेल पर अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है जिसमें उसने भारत की टीम को पड़ोसी देश भेजने की अनिच्छा के कारण पूछने के लिए आईसीसी को भेजा है। हालांकि आईसीसी के एक सूत्र ने स्पष्ट किया कि इस जटिल मुद्दे का समाधान खोजने के लिए मंगलवार को एक आंतरिक बैठक हो सकती है। उन्होंने खुलासा किया, ''चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम के मुद्दे को हमेशा के लिए सुलझाने के लिए कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों की यह एक वर्चुअल बैठक है।'' उन्होंने कहा कि यह बैठक इसलिए बुलाई गई है क्योंकि कार्यक्रम के प्रसारणकर्ता आईसीसी पर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बहुत दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा, ''संभावना है कि इस बात पर मतदान हो सकता है कि क्या किया जाए और क्या कार्यक्रम को पाकिस्तान में आयोजित किया जाना चाहिए, इसे स्थानांतरित किया जाना चाहिए या बीसीसीआई द्वारा सुझाए गए 'हाइब्रिड मॉडल' को अपनाया जाना चाहिए जिसमें भारत अपने मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा।

## खेल मंत्री ने वर्ष घोषणा की, अर्जेंटीना के साथ होगा मुकाबला

**केरल।** भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए बेहद खुशखबरी है। दुनिया के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी जल्द ही भारत लौटने की तैयारी में है। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी 14 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भारतीय सरजमीं पर खेल का जादू बिखेरेंगे। इससे पहले अंतिम मैच लियोनेल मेस्सी ने वर्ष 2011 में कोलकाता में खेला था। ये मुकाबला साल्ट लेक में अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच खेला गया था। वहीं अब फुटबॉल के जादूगर पूरे 14 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद फिर से भारत लौटेंगे। ये भारतीय खेल प्रेमियों के लिए बेहद खुशी का पल है। विश्व विजेता टीम अर्जेंटीना अगले साल भारत में अपना मैच खेलने वाली है। इसकी जानकारी केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने दी है। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि राज्य सरकार की पूरी निगरानी में ये मैच आयोजित होगा। उन्होंने कहा, इस हाई-प्रोफाइल फुटबॉल इवेंट के आयोजन के लिए



राज्य के व्यापारियों द्वारा आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर की मेजबानी करने की केरल की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। लियोनेल मेस्सी ने आखिरी बार भारत में 2011 में खेला था, जब अर्जेंटीना ने वेनेजुएला के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय मैत्रीपूर्ण मैच में भाग लिया था। ये मैच गोल रहित ड्रॉ में समाप्त हुआ था। फुटबॉल आइकन के भारत में बहुत सारे प्रशंसक हैं। केरल में ऐसे फैंस की संख्या भी काफी अधिक है। हाल ही में मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी में मेस्सी के शामिल होने से उत्तरी अमेरिका में उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई है, जिससे भारत में भी उनके प्रशंसक आकर्षित हुए हैं, जो अक्सर उनके मैच देखने के लिए देर रात तक जागते रहते हैं। वैश्विक फुटबॉल आइकन के रूप में उनकी स्थिति ने पूरे क्षेत्र में कई प्रशंसक क्लबों और समारोहों का गठन किया है, जहाँ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है। वर्ष 2022 फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना को जीत दिलाने के बाद, मेस्सी ने खेल में अपनी विरासत को मजबूत किया है। वह लॉस एंजिल्स में होने वाले आगामी 2028 संस्करण के लिए विश्व कप क्वालीफायर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के कोई संकेत नहीं दे रहे हैं। इस बीच, उनके लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, पुर्तगाली राष्ट्रीय टीम के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं, दोनों एथलीट भविष्य में एक और विश्व कप में भाग लेने की संभावना पर संकेत दे रहे हैं।

## जीत के साथ 'मिशन लॉस एंजिलिस 2028' का आगाज किया भारतीय महिला हॉकी टीम ने

**राजगीर (बिहार)।** पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने के गम को भुलाते हुए भारत की युवा और पहले से फिट महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर 'मिशन 2028 लॉस एंजिलिस' अभियान का आगाज किया। भारत की पुरूष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिये यह नयी शुरूआत है। अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है ...लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करना। उनका मानना था कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीतकर विश्व कप 2026 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों की सही शुरूआत की जा सकती है। चीन पर फाइनल में 1



. 0 से मिली जीत के बाद कप्तान सलीमा टेटे ने कहा ,'' मुझे पूरा विश्वास है कि इस जीत से अधिक से अधिक लड़कियों को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी। मुझे खुशी है कि हम अपने देश को और प्रशंसकों को इस जीत का तोहफा दे सके।'' हरेंद्र का फोकस भारतीय टीम की फिटनेस का स्तर सुधारने पर रहा है और इस टूर्नामेंट में उसकी बानगी भी देखने को मिली कि खिलाड़ियों ने वाकई इस पर काफी मेहनत की है। सलीमा ने कहा ,'' हम इस जीत का जश्न मना रहे हैं लेकिन हमारे लक्ष्य दीर्घकालिन है। हमें रोज कड़ी मेहनत करनी है और हर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम भारत का परचम हर टूर्नामेंट में लहराना चाहते हैं।'' भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सभी सात मैच जीते। सबसे अच्छी बात दोनों फ्लैंक से आपसी तालमेल रही है। रक्षापंक्ति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ दो गोल गंवाये जबकि भारत ने टूर्नामेंट में 29 गोल किये जिसमें से 15 फील्ड गोल थे। इस टूर्नामेंट से कई सितारों का जन्म हुआ जिनमें 20 वर्ष की युवा स्ट्राइकर दीपिका शामिल है। दीपिका ने 11 गोल किये जिसमें चार फील्ड गोल थे। संगीता कुमारी ने चार, प्रीति दुबे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने तीन तीन गोल दागे। सत्रह वर्ष की सुनेलिता टोप्पो ने शानदार ड्रिबलिंग और फ्लैंक से दौड़ते हुए विरोधी डिफेंस को तहस नहस कर डाला। उदिता, सुशीला चानू , ज्योति और नेहा गोयल ने दमदार प्रदर्शन किया। गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी खारीबम को ज्यादा मेहनत करनी ही नहीं पड़ी। लेकिन टीम के प्रदर्शन की एक कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रही। भारत को हर मैच में बेशुमार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन तब्दीली की दर बहुत कम रही।

## आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा

**मुम्बई।** आईपीएल 2025 के मेगा नीलामी में टीम इंडिया के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने धमाल मचा दिया है। वह आईपीएल इतिहास के सबसे मंहगे बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, इस कड़ी में उन्होंने पिछले साल मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। बता दें कि श्रेयस अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने खिताब अपने नाम किया था, हालांकि इस बार केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया। अय्यर की नीलामी के दौरान पंजाब किंग्स और दिल्ली में जमकर लड़ाई हुई, लेकिन आखिर में किंग्स ने बाजी मार ली और उन्हें अपनी टीम में जोड़ा। श्रेयस के नाम पर उनकी पिछली टीम केकेआर ने भी बोली लगाई।



लेकिन बाद में वो पीछे हट गए, अय्यर को खरीदने में अन्य टीमों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। बता दें कि, श्रेयस अय्यर के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने इसमें दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के लिए कप्तान भी की थी। वहीं उन्होंने आईपीएल में अब तक 115 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 3,127 रन बनाए हैं। श्रेयस ने इन मैचों में 21 फिफ्टी भी लगाए हैं। इन मैचों में उनका स्ट्राइक रेट 127.48 का रहा है जबकि औसत 32.24 का रहा है। उन्होंने अब तक 271 चौके और 113 छक्के भी लगाए हैं।

## इंडियन प्रीमियर लीग मे 84 खिलाड़ियों की खुलेगी किस्मत

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में अबादी अल जोहर एरिना में होगा। 577 खिलाड़ियों की बोली लगेगी। 204 खिलाड़ी खरीदे जा सकते हैं। ऑक्शन से पहले 10 फ्रेंचाइजियों ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया था। 367 भारतीय और 210 विदेशी खिलाड़ी हैं। केवल 70 विदेशी खिलाड़ी ही खरीदे जा सकेंगे। वहीं ऋषभ पंत, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे कई बड़े नाम इस बार ऑक्शन में हैं। नीलामी के पहले दिन 12 सेट में 84 खिलाड़ियों की बोली लगेगी। मार्की खिलाड़ियों की बोली लगेगी। इसके बाद लंच होगा। फिर कैप्ड बैट्समैन, ऑलराउंडर और विकेटकीपर की बोली लगेगी। इसके बाद 15 मिनट का ब्रेक होगा। इसके बाद कैप्ड बॉलर्स की नीलामी होगी। वहीं 10 मिनट का ब्रेक होगा। पहले दिन के अंतिम सेट में अनकैप्ड प्लेयर्स का पहला सेट होगा। इसमें सात खिलाड़ी शामिल होंगे। जिसका मतलब है कि फाफ डु प्लेसिस, केन विलियमसन, पृथ्वी शॉ




और अंजिक्य रहाणें जैसे बड़े नाम हैं। महज दो खिलाड़ियों के रिटेंशन के बाद पंजाब किंग्स नीलामी में सबसे ज्यादा बजट के साथ उतरेगी। उसके पर्स में फिलहाल 110.5 करोड़ रुपये बाकी हैं। पंजाब ने रिटेंशन में सिर्फ 9.5 करोड़ रुपये खर्च किए और दो खिलाड़ियों को बरकरार रखा। पीबीकेएल ने अनकैप्ड शशांक सिंह पर 5.5 करोड़ और प्रभसिमरन सिंह पर चार करोड़ खर्च किए। पंजाब के पास ऑक्शन में अब चार आरटीएम कार्ड होंगे। एक टीम ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती थी। जिन टीमों ने 6 से कम खिलाड़ी रिटेन किए हैं, उन्हें नीलामी में आरटीएम कार्ड इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। जबकि सबसे कम राजस्थान रॉयल्स के पर्स में बचा है। रॉयल्स ने पर्स में केवल 41 करोड़ रुपये बचे हैं। आरआर ने कप्तान संजू सैमसन और ओपनर यशस्वी जायसवाल पर 18-18 करोड़ रुपये खर्च किए। आरआर उन दो टीमों में से है, जिसने ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी रिटेन किए।

## दो भारतीयों के बीच शतरंज विश्व खिताब के लिए मुकाबले से हैरानी नहीं होगी : स्विडलर

**सिंगापुर।** रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में विश्व शतरंज चैंपियनशिप के खिताब के लिए दो भारतीय खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते हुए देखकर आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि इस खेल में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का सामना करने के लिए तैयार हैं। दो भारतीयों के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्विडलर ने शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे से कहा, ''निश्चित रूप से यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।'' उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल है। यहां तक कि इस साल अर्जुन (एरिगेसी) जैसे खिलाड़ियों का दबदबा रहा, वह जहां भी खेला काफी अंक जुटाए, वह बिल्कुल अविश्वसनीय है लेकिन वह भी विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है।'' स्विडलर ने कहा कि हालांकि विश्व चैंपियनशिप 'अतिरिक्त दबाव' लाती है लेकिन अगर भारतीय खिलाड़ी कम से कम अगले डेढ़ दशक तक प्रतिस्पर्धा में बने रहते हैं तो यह 'आश्चर्य' नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले तो उसे (अर्जुन को) अब भी (विश्व चैंपियनशिप) चक्र के लिए क्वालीफाई करना है। उसके पास बहुत सारे सर्किट अंक हैं और वह विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है लेकिन फिर भी जब चक्र की बात आती है तो कुछ भी गारंटी नहीं है।'' स्विडलर ने कहा, ''इसलिए आप कभी नहीं कह सकते कि यह निश्चित रूप से होगा। लेकिन यह आश्चर्य की



बात नहीं होगी अगर अर्जुन या प्राग (आर प्रज्ञानानंदा) अगले चक्र या उससे अगले चक्र के लिए क्वालीफाई करते हैं। वे अगले 10-15 वर्षों तक दावेदार रहेंगे, मुझे ऐसा लगता है, हालांकि उन्हें गंभीरता से शतरंज खेलना जारी रखना होगा।'' स्विडलर का मानना है कि लिरेन अपने शिखर से बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि वह उस खतरनाक खिलाड़ी की सिर्फ छाया भर है जो वह एक समय हुआ करते थे। उन्होंने कहा, ''जहां तक डिंग की बात है तो मुझे लगता है कि जिस तरह से वह खेल रहा था, मान लीजिए कि अगर हम 2017 और 2019 के बीच की अवधि को लें, जब वह टूर्नामेंट में मैग्नस के लिए लगातार एक बहुत बड़ा खतरा था। उसने सेंट लुई में मैग्नस के खिलाफ टाईब्रेक जीतकर ग्रैंड चेस टूर जीता। बहुत कम लोग मैग्नस के खिलाफ टाईब्रेक जीतते हैं। वह बहुत ही खतरनाक खिलाड़ी था।'' स्विडलर ने कहा, ''और फिर कोविड हुआ और डिंग जिसे हम अब देखते हैं, ईमानदारी से उसकी एक छाया है। मुझे नहीं लगता कि आप इसे किसी और तरीके से वर्णित कर सकते हैं। वह अब भी उस शीर्ष के आसपास कहीं नहीं है जिसके बारे में हम जानते हैं कि वह सक्षम है।'' स्विडलर ने कहा कि डिंग और गुकेश दोनों ही बहुमुखी खिलाड़ी हैं जो सभी प्रारूपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं जिससे शीर्ष स्तर पर शैलीगत तुलना कम प्रासंगिक हो जाती है। भारत ने हंगरी के बुडापेस्ट में 2024 शतरंज ओलंपियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। स्विडलर का मानना है कि भारत के असाधारण युवा खिलाड़ी आने वाले वर्षों में टीम शतरंज स्पर्धाओं में देश को एक प्रमुख शक्ति बनाएंगे। पांच बार रूस की ओलंपियाड विजेता टीम का हिस्सा रहे स्विडलर ने कहा, ''निश्चित रूप से भारत में एक परियोजना चल रही है जिसके ये परिणाम हैं... मेरा मतलब है कि यह पीढ़ी शानदार है और मुझे लगता है कि वे हावी होंगे।'' स्विडलर ने नई पीढ़ी को प्रेरित करने और मार्गदर्शन देने के लिए पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को श्रेय दिया।

# सीएम हेल्पलाइन की नॉट-अटेण्ड शिकायतों पर लगेगा जुर्माना



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सोमवार को समय-सीमा की संपन्न बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने नाट-अटेण्ड शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्यालय प्रमुखों के विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिये। नवम्बर माह में अब तक 23 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें नाट-अटेण्ड रही हैं। जिनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की 5 नाट-अटेण्ड शिकायतें शामिल हैं। समय सीमा प्रकरणों की बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम एपी द्विवेदी, आरएन खरे, एलआर जांगडे, जितेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, सुधीर बेक, अधीक्षण यंत्री पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि गत सप्ताह 11773 कुल लंबित शिकायतों में इस सप्ताह 1077 शिकायतें बढकर 12850 शिकायतें लंबित हो गई है। उन्होंने कहा कि किसी विभाग के अच्छे ग्रेड में आना कोई महत्व नहीं रखता जबकि सम्पूर्ण जिले के विभागों की ग्रेडिंग से जिले की ग्रेडिंग महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण की कार्य प्रणाली में बदलाव लाकर संयुक्त प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब इस माह 23 से अधिक नाट-अटेण्ड की शिकायतें बढी तो विभाग प्रमुख अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने नाट-अटेण्ड पाई गई 23 शिकायतों का नियमानुसार जुर्माने की राशि जमा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में धीमी प्रगति पर एसडीएम रामपुर बघेलान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस सप्ताह सीएम हेल्पलाइन में राजस्व 2621, महिला बाल विकास 1329, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 1304 और विद्युत वितरण कंपनी 855 सर्वाधिक लंबित पाई गई है। कलेक्टर ने कहा कि नवम्बर में अभी 5 दिवस शेष हैं। इस महीने की 4345 शिकायतें अभी लंबित है। लगभग 2 हजार शिकायतें अभी और आ सकती है। अगले 25 दिनों में 7 हजार शिकायतों का निराकरण लेकर चले। उर्वरक वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एनपीके और डीएपी के कई रैक सतना जिले के लिए प्लान हो रहे हैं। सभी राजस्व अधिकारी मार्फेड के डबल लॉक सेंटर पर निगरानी रखें। ताकि किसानों को सुविधाजनक से टोकन अनुसार खाद्य की उपलब्धता हो सके। समाधान आनलाईन के विषयों की शिकायतों में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के लिए सप्ताहांत में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। लोक सेवा गारंटी के समय बाह्य प्रकरणों में कलेक्टर ने कहा कि कोई भी प्रकरण समय से बाहर लंबित नहीं होने पाये। तीन प्रकरणों के समय बाह्य पाये जाने पर सीएमओ कोठी और तहसीलदार मझगवां को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अब तक 490 प्रकरण ही निराकृत हो पाये है। सुनिश्चित करे कि पुराने एक भी केस पेंडिंग नहीं रहे। अगली टीएल तक आज तक के सभी रजिस्टर्ड प्रकरण समाप्त हो जाये। खसरे की आधार लिंकिंग के लक्ष्य 4 लाख 42 हजार खातों के विरूद्ध असंतोषजनक प्रगति पर कलेक्टर ने इस कार्य में पटवारियों को जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान में जल संसाधन सहित सभी सिंचाई विभागों की संरचनाओं और भूमि की इंन्ट्री राजस्व रिकार्डों में दर्ज किये जाने की कार्यवाही करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान की हर गतिविधि की दैनिक रिपोर्टिंग की जाये। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मझगवां, नागौद, सोहावल विकासखण्ड की सेचुरेटेड 53 एकल नल जल योजना का सत्यापन शीघ्र कराने के निर्देश दिये। धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खरीदी पर सख्त तरीका अपनाये और जहां भी शिकायत मिले मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करें।

## समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सोमवार को मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन जिला मैहर एवं ग्राम रोजगार सहायक संगठन जिला मैहर द्वारा संयुक्त रूप से पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक की समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन के नाम कलेक्टर महोदय मैहर को ज्ञापन सोपा गया जिसमें प्रमुख रूप से फर्जी सीएम हेल्पलाइन सचिव एवं रोजगार सहायकों को फील्ड में काम करने में आने वाली कठिनाइयां एवं शासकीय कार्य में आसामाजिक तत्वों द्वारा बाधा पहुंचाए जाने वालों के ऊपर उचित कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिया गया इस अवसर पर सुभाष सोनी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन जिला जिला मैहर शैलेंद्र सिंह गुड्डू कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मैहर चंद्रपाल द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष रचना पटेल निर्मला कुशवाहा पंचम शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष मैहर अरविंद शुक्ला कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष मैहर संजय सिंह बुद्धि लाल चौधरी कृपाल चौधरी प्रदीप नामदेव नरेंद्र शर्मा पुष्पेंद्र सिंह ओम प्रकाश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर मथुरा पटेलराम नरेश पांडे ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाटन राज किशोर तिवारी शिव प्रसाद सिंह शिव शरण तिवारी उपेंद्र सिंह श्री धर द्विवेदी जिला अध्यक्ष ग्राम रोजगार सहायक संगठन अनिरुद्ध सिंह विजय, नारेद्र सिंह उमेश द्विवेदी स्वामी दीन ,राजू साकेत, हिम्मत सिंह राजेंद्र बुनकर आदि सैकड़ो पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## एकजुटता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आज का ज़माना सोशल मीडिया का है। इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। सभी युवाओं को सोशल मीडिया साक्षरता, डिजिटल एक्सटॉर्शन और ऑनलाइन लैंगिक हिंसा के बारे में शिक्षित किया जाना समय की आवश्यकता है। मंत्री सुश्री भूरिया सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़े के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का भी प्रसारण किया गया। उन्होंने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। बेटियों और बहनों की सुरक्षा व सम्मान केवल सरकार या पुलिस की ज़िम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है। आज से 10 दिसंबर तक "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें पुरुष वर्ग की भूमिका ज़्यादा अहम है। डॉ. यादव ने कहा कि यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों को जागरूक करें। महिलाओं पर होने वाली हिंसा का विरोध करें। साथ ही समाज और परिवार में सभी समानता का माहौल बनाए। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि लैंगिक हिंसा आज भी हमारी सबसे बड़ी सामाजिक चुनौतियों में से एक है। यह न केवल महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को प्रभावित करती है बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के रास्ते में भी बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि हम होंगे क़ामयाब पखवाड़ा 25 नवम्बर से लेकर 10 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लिया और पूरे प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम के लिए इस प्रकार के कार्यर्₹ म आयोजित करने के निर्देश दिए है।

# कोतवाली पुलिस की दौड़ से तेज दौड़ लगाना युवक को पड़ा भारी, साहब से बचने लगाई नदी में छलांग, मौत

### युवक को मौत के घाट उतारने वाली पुलिस की मानवीयता, जान बचाने वाहन का इंतजार किए बगैर स्कूटी से लेकर पहुंचे अस्पताल

### महिला ने पुलिस से भीख में मांगा अपना बच्चा





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संजय गांधी अस्पताल में नाबालिग की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ. परिजनों ने सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक पर गंभीर आरोप लगाए है परिजनों का कहना था की उनका बेटा सुबह मछली मारने के लिए बीहर नदी में स्थित निपनिया पुल में मछली मारने गया था उसी दौरान एक पुलिस आरक्षक वहां से गुजरा और उसने चोर चोर कहकर दौड़ा लिया जिसके बाद दहशत में आए नाबालिग ने नदी में छलांग लगा दी नाबालिग के माथे पर गंभीर चोट लग गई. घटना के बाद उसे नदी से बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।

संजय गांधी अस्पताल में मौजूद परिजनो का आरोप था कि उनका नाबालिग बेटा सोमवार की सुबह 11 बजे मछली मारने के लिए बीहर नदी में स्थित निपनिया पुल में गया था इसी दौरान सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक जितेंद्र सेन वहां पहुंचा और चोर चोर कहकर उनके बेटे को दौड़ा लिया दहशत में आकर उनके नाबालिग बेटे ने दौड़ लगा दी कुछ दूर तक दौड़ने के बाद उसने नदी में छलांग लगा दी. नदी में गिरते ही युवक के माथे में गंभीर चोंट लग गई जिसके बाद उसे अस्पताल लाया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. आधार कार्ड के अनुसार युवक की उम्र 16 वर्ष है।

**पुलिस के सामने झोली फैलाकर गिड़गिड़ाती रही महिला:** युवक की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करना शुरु कर दिया तनाव पूर्ण स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात हो गया. वहीं इस दौरान युवक के परिजनों ने पुलिस आरक्षक पर गंभीर आरोप लगाए. युवक की चाची पुलिस अधिकारियों के सामने झोली फैलाकर न्याय के लिए गिड़गिड़ाती रही. उसका कहना था की उसका बेटा उसे लौटा दो. घंटो तक चले हंगामे के बीच पुलिस आधिकारी और कर्मचारियों ने परिजनों को काफी समझाइश देने का प्रयास किया लेकिन वह लागातार हंगामा करते रहे। उनका कहना था की उसका कोई प्रकरण नही था एक मामले में पेशी थी जिसमें वह नही पहुंच पाया था शायद उसी मामले को पुलिस ने तुल देने की कोशिश की है।

मामले पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया की एक युवक ने नदी में छलांग लगाई थी मौके पर उपस्थित स्थानीय लोग और एक विवाह घर के समीप खड़े आरक्षक ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. गार्डन के समीप सीसीटीवी कैमरा लगा है फूटेज खंगाले जा रहे है. घटना की जांच की जा रहीं है. युवक के विरुद्ध शहर के कई थानों में पहले से अपराध कायम है जबकि बिछिया थाने से इनाम भी घोषित है. पुलिस ने उसे बचाने का प्रयास किया और किसी भी बड़े वाहन का इंतजार किए बगैर हड़बड़ाहट में स्कूटी से ही उसे लेकर अस्पताल तक पहुंचाया है लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्राचीन श्री राम मंदिर में संपन्न हुआ पूजन भंडारा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पूजनीय गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री सीता वल्लभ शरण जू महाराज के पावन संरक्षण में कटरा बाजार मैहर स्थित प्राचीन श्री राम मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु समस्त राम भक्तों के समक्ष पूजन व विशाल भंडारा विगत 21 नवंबर को संपन्न हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल द्वारा की गई।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मैहर की अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी व उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल नितिन ताम्रकार उपस्थिति रही इस अवसर पर बहुत संख्या में राम भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## मुख्य सचिव ने समाधान ऑनलाइन में की विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यर्₹ म में विभिन्न जिलों के आवेदकों के प्रकरणों की सुनवाई की। मुख्य सचिव ने शिवपुरी, धार, सिंगरौली, नीमच, राजगढ़, पन्ना, खरगौन, रतलाम एवं ग्वालियर जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा संबंधितों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी जनकल्याण तथा जनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण कराएं। प्रकरणों में संतुष्टि और सकारात्मक निराकरण समान होना चाहिए। शासन की योजनाओं और कार्यर्₹ मों के संबंध में अधिकारी तथ्यपूर्ण रिपोर्टिंग करें। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कौशल उन्नयन के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण का आयोजन करें। मैदानी अमले से योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक प्राप्त करें। अधिकारियों और कर्मचारियों को यदि किसी तरह की कठिनाई है तो उसे दूर करने का भी प्रयास करें। राजस्व महाअभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी दर्ज प्रकरणों में ई केवाईसी करके फार्मर्स आईडी का निर्माण करा दें। जिससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। मुख्य सचिव ने कहा कि देश के संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके कार्यर्₹ म वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर तक 26 नवम्बर को संविधान दिवस के कार्यर्₹ म आयोजित करें। इन कार्यर्₹ मों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सतना के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा, डीएफओ मयंक चांदीवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगड़े सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार मैहर जिले के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, एसडीएम विकास सिंह, तहसीलदार जितेन्द्र पटेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## निगरानी में जिले भर में हो रहा खाद का वितरण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार खाद वितरण की निगरानी के लिए विपणन संघ के सभी सात विक्रय केन्द्रों में निगरानी के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि डबल लाक सेंटर्स में अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ सहकारी समितियों तथा निजी विक्रेताओं द्वारा भी खाद का वितरण किया जा रहा है। चाकघाट में डबल लाक सेंटर में आज दोपहर दो बजे तक 115 किसानों को टोकन जारी करके खाद का वितरण किया गया। जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय खाद वितरण के समय मौजूद रहे। डबल लाक सेंटर जवा में टोकन वितरित कर 90 किसानों को 303 बोरी डीएपी, 104 बोरी यूरिया और एक बोरी सुपर फास्फेट का वितरण किया गया। उप संचालक कृषि यूपी बागरी खाद वितरण के समय मौजूद रहे। वितरण केन्द्र चोरहटा में जिला प्रबंधक वेयरहाउस कमलभान बागरी एवं गुढ़ में श्री मुनीस पाण्डेय की निगरानी में खाद का वितरण किया गया। कृषि उपज मण्डी करहिया में डबल लाक सेंटर में जिला विपणन अधिकारी श्रीमती शिखा वर्मा खाद वितरण के समय मौजूद रहीं। इसी तरह अन्य केन्द्रों में तैनात अधिकारियों द्वारा खाद का वितरण कराया गया।

## जिले भर में आज मनाया जाएगा संविधान दिवस, जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्वतंत्रता के बाद देश का संविधान 26 नवम्बर 1949 को स्वीकार किया गया था। इस दिवस को देश भर में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिले में 26 नवम्बर को जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर तक संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा है कि सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे संविधान दिवस के कार्यक्रम का आयोजन कर, संविधान की प्रस्तावना का वाचन करें। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में भी संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा महाविद्यालयों में संविधान दिवस के प्रस्तावना के वाचन तथा अन्य कार्यक्रम सभी महाविद्यालयों में कराएं।

## संविधान दिवस के कार्यक्रमों के लिए डीईओ नोडल अधिकारी होंगे

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने राज्य शासन के निर्देशानुसार संविधान दिवस पर निर्धारित गतिविधियों के आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी, सीएमओ नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद के सीईओ एवं समस्त विभागीय अधिकारियों को दिये है। भारत के संविधान को अपनाये जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान दिवस के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सवपूर्वक मनाये जाने के निर्देश दिये है। संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन पर अधिकाधिक संख्या में शासकीय सेवकों के साथ-साथ आम जनता की सहभागिता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर मैहर ने प्रत्येक विभाग को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी की गई कार्यवाहियों को बवदेजपजनजपवद75ण्बवउ पर अपलोड भी करेंगे।

# विकास खंड स्तरीय दिव्यांगजन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जनपद शिक्षा केंद्र रीवा द्वारा विश्व विकलांग दिवस पर दिव्यांग छात्र छात्राओं की प्रतिभा को निखारने हेतु दिव्यांग छात्र-छात्राओं की विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई, बीआरसी दीपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम के प्रभारी एमआरसी प्रभाकर सिंह और पिंकी पटेल रहे, कार्यक्रम में रीवा विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग लगभग ढाई सौ छात्राएं सहित परिसर में संचालित सीडब्लूएसएन छात्रावास के छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित हुए कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से छात्रों के साथ आये हुए शिक्षक सम्मिलित हुए । छात्रों के उत्साह वर्धन हेतु दौड़ कूद खेल कूद और रंगोली, गायन इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही सभी छात्र छात्राओं हेतु भोजन एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीआरसी श्री दीपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन ने कहा की दिव्यांग छात्रों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हमें उन्हें आगे बढ़ाने के हेतु ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करने होंगे यह आयोजन उसकी एक कड़ी है, और आगे भी इस प्रकार से छात्रों के उत्साह वर्धन के लिए हम तत्पर हैं इस आयोजन के प्रभारी प्रभाकर सिंह और पिंकी पटेल रहे, जबकि बीएससी विवेक नामदेव, आरपी मिश्रा नवनीत चौबे, सीएसी निमिषा विश्वकर्मा, प्रवीण तिवारी, गायत्री ताम्रकार संतोष मिश्रा, अर्चना पुरवार, शिवानंद शर्मा, कमल नारायण त्रिपाठी, गंगा प्रसाद पांडे, बृजेश तिवारी, अनुज पटेल आर एस सोनी और रमेश साकेत ने कार्यक्रम की सफलता में अपना सहयोग प्रदान किया।

## जन समस्या निवारण शिविर विकासखण्ड अमरपाटन के कठहा ग्राम में आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।**कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशन में 26 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विकासखण्ड अमरपाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत कठहा में जिला स्तरीय जनकल्याणकारी जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में ग्राम पंचायत कठहा, धौरहरा, डोमा, मगराज, गोरा, ककरा, मझगवां, मौहट, नौगवां, परसवाही, रैकवार एवं सरबका के हितग्राही सम्मिलित होंगे। शिविर में आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।